


MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 358 | ग्वालियर, 27 अक्टुबर, शुक्रवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

# चुनाव आयोग ने प्रियंका गांधी को भेजा नोटिस, पीएम मोदी को लेकर किया था ये दावा

चुनाव आयोग ने प्रियंका गांधी को भेजा नोटिस, पीएम मोदी को लेकर किया था ये दावा

चुनाव आयोग ने कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी को गुरुवार को नोटिस भेज जवाब मांगा. आयोग ने प्रियंका गांधी से 30 अक्टूबर की शाम तक नोटिस का जवाब देने को कहा है.दरअसल, प्रियंका गांधी ने राजस्थान के दौसा में कहा था कि पीएम मोदी का मंदिर को दिए गए दान का लिफाफा खोला गया तो उसमें सिर्फ 21 रुपये मिले. इसको लेकर बीजेपी ने प्रियंका गांधी के खिलाफ इलेक्शन कमीशन में शिकायत की थी. इसमें उनके (प्रियंका गांधी) के भाषण का वीडियो भी शामिल किया गया था.

**बीजेपी ने क्या शिकायत की थी**–केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा था, ÷हमने



चुनाव आयोग से कहा कि 20 अक्टूबर को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भाषण के दौरान एक बयान दिया और आचार संहिता का उल्लंघन किया.उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या प्रियंका गांधी आचार संहिता से ऊपर हैं? आप झूठ नहीं फैला सकते. धार्मिक भावनाओं से प्रचार भी नहीं किया जा सकता.

**प्रियंका गांधी ने क्या कहा?**– प्रियंका गांधी ने कहा था, आपने तो देखा ही होगा. मैंने टीवी पर देखा पता नहीं सच है कि नहीं. पीएम मोदी देवनारायण जी के मंदिर में शायद गए थे. उन्होंने लिफाफा डाला. मैंने टीवी पर देखा कि 6 महीने के बाद पीएम मोदी का दान किया गया लिफाफा खोला तो इसमें 21 रुपये मिले.

उन्होंने कहा, एक तरह से यही हो रहा है. देश में घोषणाएं मंच पर खड़े होकर कैसे-कैसे लिफाफे दिखाएं जा रहे हैं. आपको और जब आप उन लिफाफे को खोलते हैं तो चुनाव खत्म हो जाता हैं.बता दें कि राजस्थान की 200 सीटों के लिए 25 नवंबर को वोटिंग होगी और इसका रिजल्ट 3 दिसंबर को आएगा. इस समय राज्य में अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार है.

## न्यूज़ ट्रैक

### कतर में 8 पूर्व नौसैनिकों को कोर्ट ने क्यों सुनाई मौत की सजा और भारत ने अब क्या कदम उठाए?



कतर की एक अदालत ने गुरुवार (26 अक्टूबर) को भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को मौत की सजा सुनाई. पूर्व नौसेना कर्मी एक साल से ज्यादा समय से हिरासत में थे. कतर की खुफिया सेवा ने पिछले साल अगस्त में आठों लोगों को हिरासत में लिया था. उस समय वे एक प्राइवेट फर्म के लिए काम कर रहे थे.इन लोगों को कांसुलर पहुंच प्रदान किए जाने के बाद कतर में भारतीय राजदूत ने 1 अक्टूबर को उनसे मुलाकात भी की थी. आखिर कतर में जिन आठ भारतीयों को कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई है, उन पर क्या आरोप हैं, आइये जानते हैं.

**कौन हैं सजा पाने वाले आठ पूर्व भारतीय नौसैनिक**–हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, जिन आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों को कतर के कोर्ट ने सजा सुनाई है, उनमें कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कमांडर पूर्णेंदु तिवारी, कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कमांडर संजीव गुप्ता, कैप्टन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कमांडर सुगुनाकर पकाला, कमांडर अमित नागपाल और सेलर रागेश शामिल हैं.ये सभी एक डिफेंस सर्विस प्रोवाइडर ऑर्गनाइजेशन- दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज के लिए काम कर रहे थे. इस निजी फर्म का स्वामित्व रॉयल ओमानी एयर फोर्स के एक रिटायर्ड सदस्य के पास है. इस निजी फर्म के मालिक को भी गिरफ्तार किया गया था लेकिन उसे पिछले साल नवंबर में रिहा कर दिया गया था. यह प्राइवेट फर्म कतर के बलों को प्रशिक्षण और संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराती थी.

**कतर में सजा पाने वाले भारतीयों पर क्या हैं आरोप**–कतर सरकार ने पूर्व भारतीय नौसैनिकों के खिलाफ आरोपों को सार्वजनिक नहीं किया. इसलिए माना जा रहा है कि यह सुरक्षा से संबंधित मामला था. अदालत की सुनवाई में आरोपों का जिक्र किया गया लेकिन कतर और भारत सरकार ने उन्हें सार्वजनिक नहीं किया.पूर्व भारतीय नैसैनिकों पर गुप्त क्षमताओं वाली कतर की एडवांस्ड पनडुब्बियों पर इजरायल के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया गया. वहीं, एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों ने कहा कि इन आठ लोगों में से कुछ अत्यधिक सेंसटिव प्रोजेक्ट पर काम कर रहे थे, जिसमें इटैलियन टेक्नोलॉजी आधारित गुप्त विशेषताओं वाली छोटी पनडुब्बियां शामिल थीं.हिरासत में लिए जाने के बाद से आठों लोगों को महीनों तक एकांत कारावास में रखा गया था. भारत सरकार लंबे समय से कहती आ रही है कि वह इन लोगों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए कानूनी रास्ते तलाश रही है.

### पाकिस्तानी सीमा से घुसपैठ कर रहे लश्कर के 5 आतंकियों को सुरक्षाबलों ने किया ढेर, जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में मिली बड़ी कामयाबी



जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के माछिल सेक?टर में गुरुवार (26 अक्टूबर) को सुरक्षाबलों ने आतंकियों की घुसपैठ की बड़ी कोशशि को नाकाम कर दड़िया. एलओसी पर सुरक्षाबलों ने बड़े ऑपरेशन में लश्कर ए तैयबा के 5 आतंकियों को मार गिराया. जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि इलाके में अभी भी सर्च ऑपरेशन जारी है.जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि आज सुबह माछिल सेक्टर में पुलिस के एक विशेष इनपुट के आधार पर सेना के साथ संयुक्त अभियान शुरू किया था. सूत्रों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस को आतंकवादियों के एक समूह की ओर से क्षेत्र में संभावित घुसपैठ के प्रयास के बारे में सूचित किया था.

**छह घंटे के लंबे ऑपरेशन के बाद 3 और आतंकवादी ढेर**–जैसे ही घुसपैठ करने वाले समूह को सीमा बाड़ के पास सतर्क सैनिकों की तरफ से ट्रैक किया गया और चुनौती दी गई, आतंकवादियों ने जवानों पर गोलीबारी शुरू कर दी. इसके बाद मुठभेड़ हुई. जवानों की प्रारंभिक गोलीबारी में दो घुसपैठिए मार ग?राए गए जबकि अन्य ने कठिन इलाके का फायदा उठाया. आखिरकार 6 घंटे के लंबे ऑपरेशन के बाद 3 और आतंकवादियों को मार गिराया गया.

**मारे गए सभी आतंकियों की पहचान कर रही पुलिस**–जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि लश्कर ए तैयबा के तीन (03) और आतंकवादी मारे गए` इनकी कुल संख्या 05 हो गई है. इन सभी आतंकियों की पहचान सुनिश्चित की जा रही है.

**आतंकी समूहों ने 16 लॉन्च पैड फिर से सक्रिय किए**–इससे पहले डीजीपी जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कुपवाड़ा के केरन सेक्टर के दौरे के दौरान कहा था कि पाकिस्तानी सेना की मदद से एलओसी पर पाकिस्तान स्थित आतंकी समूहों ने 16 लॉन्च पैड फिर से सक्रिय कर दिए गए हैं. डीजीपी ने कहा, ÷एलओसी के इस हिस्से के विपरीत क्षेत्र में पीओके में 16 लॉन्च पैड हैं और गतिविधियां चल रही हैं, और वे सक्रिय रूप से घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन सुरक्षा बल ऐसे किसी भी प्रयास को विफल कर देंगे.

## पांच सालों बाद शिर्डी पहुंचे पीएम मोदी ने की साईं मंदिर में पूजा





पांच सालों के बाद महाराष्ट्र के दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुरुवार (26 अक्टूबर) को सूबे के मशहूर शिर्डी साईं मंदिर में पूजा अर्चना की है. मंदिर परिसर में उनके साथ महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस के अलावा सूबे के सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़नविस भी मौजूद रहे. उन्होंने मंदिर में बने कतार परिसर का उद्घाटन किया है. इसकी आधारशिला भी पीएम मोदी ने वर्ष 2018 में रखी थी.

### इंडियन ऑयल ने रेफरेंस फ्यूल का उत्पादन किया शुरू, ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में भारत का बड़ा कदम



इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने भारत में रेफरेंस फ्यूल का उत्पादन शुरू कर दिया है. इसे आत्मनिर्भर भारत अभियान का एक अहम पड़ाव माना जा रहा है. ऑटोमोबाइल के रिसर्च के लिए इस्तेमाल होने वाले इस उच्च कोटि के ईंधन को अब तक भारत आयात करता था.

**पेट्रोल और डीजल दोनो वेरिएंट में होगा उपलब्ध**–इंडियन ऑयल की तरफ से बनाया जा रहा रेफरेंस फ्यूल पेट्रोल और डीजल दोनो वेरिएंट में उपलब्ध होगा.

### डॉक्टर बनाने में उत्तर भारत के राज्य पिछड़े, बिहार अंतिम पायदान पर; नीतीश राज में क्यों बदहाल है स्वास्थ्य सेवा?

बिहार में स्वास्थ्य सेवा को लेकर नीतीश सरकार के दावे और हकीकत में जमीन आसमान का फर्क है. हाल ही में मुजफ्फरपुर के एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के स्वास्थ्य व्यवस्था की जमकर तारीफ की थी. मुख्यमंत्री ने यहां तक कह दिया कि अब मजबूरी में लोगों को चिकित्सा के लिए बिहार से बाहर जाने की जरूरत नहीं है, लेकिन केंद्र का हालिया डेटा उनके इस दावे को मुंह चिढ़ाने के लिए काफी है. राज्यसभा में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक जवाब में बताया है कि एमबीबीएस सीट के मामले में नेशनल मेडिकल काउंसिल के हिसाब-किताब में बिहार काफी पिछड़ा हुआ है. सूची में बिहार नीचे से दूसरे नंबर पर है. बिहार से नीचे नॉर्थ-ईस्ट का मेघालय है.इस डेटा में आगे कहा गया है कि



बिहार में मेडिकल की करीब 13 हजार सीटें होनी चाहिए, लेकिन वर्तमान में यह 2565 ही है. वो भी तब, जब बिहार सरकार कुल बजट का 7 प्रतिशत सिर्फ स्वास्थ्य विभाग पर खर्च कर रही है. इस पैमाने पर बिहार काफी पिछड़ गया है. बिहार की आबादी करीब 13 करोड़ है. राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में केंद्र सरकार ने कहा कि एनएमसी के हिसाब से बिहार में एमबीबीएस की सीटें 13 हजार के आसपास होनी चाहिए, लेकिन यह काफी कम है. बिहार के अभी 21 कॉलेज में एमबीबीएस की 2565 सीटें ही हैं. अगर आबादी के हिसाब से देखा जाए

### कांग्रेस दफ्तर पर लगे बैनर में राहुल गांधी को बताया पीएम का चेहरा, समाजवादी पार्टी ने साधा निशाना





लोकसभा चुनाव 2024 से पहले विपक्षी दलों ने बीजेपी को हराने के लड़िए इंडिया गठबंधन बनाया है. चुनावों से पहले गठबंधन के सहयोग?ियों में प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर पोस्टरबाजी शुरू हो गई है.ताजा मामला अब कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का सामने आया है. लखनऊ में एक कांग्रेस कार्यकर्ता ने पार्टी दफ्तर के सामने राहुल गांधी को साल 2024 में प्रधानमंत्री वाला एक होर्डिंग लगाया है. यह होर्डिंग समाजवादी पार्टी (सपा) के एक कार्यकर्ता की ओर से पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को देश का भावी प्रधानमंत्री बताने वाले एक बैनर लगाए जाने के के बाद सामने आया है. समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबकि, कार्यकर्ता की ओर से लगाए गए पोस्टर में उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को राज्य का मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान भी किया गया है. इस पोस्रवार के बाद अब यूपी की राजनीति गरमा गई है.

## जम्मू-कश्मीर के मच्छल सेक्टर में सेना के जवानों ने दो आतंकियों को किया ढेर, सर्च ऑपरेशन जारी

उत्तरी कश्मीर के सीमावर्ती इलाके में सेना के जवानों ने आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए दो आतंकियं को मौत के घाट उतार दिया. जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जानकारी शेयर करते हुए कहा कि कुपवाड़ा पुलिस की ओर से दी गई एक विशेष जानकारी के आधार पर, मच्छल सेक्टर में एक मुठभेड़ शुरू हुई, जिसमें अब तक दो आतंकवादी मारे गए हैं. ऑपरेशन चल रहा है.

पुलिस ने बताया कि अन्य आतंकवादियों के खिलाफ तलाशी अभियान जारी रखा गया है. पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, खुफिया तंत्र को पहले ही पता चल गया था कि आतंकियों का एक दल कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ करने की फिराक में है. इस जानकारी के आधार पर निगरानी रखी गई. पिछले एक सप्ताह में जम्मू-कश्मीर के अंदर आतंकवादियों की घुसपैठ की ये दूसरी घटना है. इससे पहले बीते रविवार को उरी सेक्टर में सेना ने आतंकवादियों की घुसपैठ को नाकाम करते हुए दो आतंकियों को मार



गिराया था.

**जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा अधिकारियों की बैठक**–जम्मू-कश्मीर में सर्दी जल्दी आ गई. ऐसे समय में घुसपैठ की कोशिश करने की संभावनाएं बढ़ जाती है. क्योंकि बर्फबारी से पहाड़ी दर्रे बंद होने से पहले आतंकवादी घाटी में दाखिल होना चाहते हैं. इससे पहले बीते दिन बुधवार (25 अक्टूबर) को सुरक्षा अधिकारियों की बैठक हुई थी जिसमें आतंकवादियों की घुसपैठ रोकने को लेकर चर्चा की गई.बैठक से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि सभी सुरक्षा एजेंसियों ने वर्तमान में हो रहे इजरायल-हमास युद्ध को लेकर जम्मू कश्मीर में सुरक्षा और रणनीति बनाने का फैसला किया है. जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ, सेना और खुफिया एजेंसियों सहित विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों ने किसी भी घटना से निपटने को लेकर अपनी रणनीति बताई.जम्मू कश्मीर में आतंकवाद को लेकर सुरक्षा एजेंसियां चाक-चौबंद है. बीते दिनों जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने कहा था कि 2023 में सिर्फ 10 स्थानीय युवाओं ने आतंकवाद का रास्ता चुना. उन्होंने आतंकवादियों से हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने की अपील भी की



## महाराष्ट्र में पीएम मोदी का शरद पवार पर निशाना, यहां के एक कृषि मंत्री थे, लेकिन..

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री और एनसीपी प्रमुख शरद पवार पर परोक्ष रूप से निशाना साधा. पीएम मोदी ने किसानों के संबंधित मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा, महाराष्ट्र के एक वरिष्ठ नेता केंद्र सरकार में कई वर्षों तक कृषि मंत्री रहे हैं, वैसे व्यक्तिगत रूप से मैं उनका सम्मान भी करता हूं लेकिन उन्होंने किसान के लिए क्या किया? सात साल के अपने कार्यकाल में उन्होंने देशभर के किसानों से सिर्फ, ये आंकड़ा याद रखना, सात साल में देशभर के किसानों से सिर्फ साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये का एमएसपी पर अनाज खरीदा, जबकि हमारी सरकार सात वर्षों में एमएसपी के रूप में इतने ही समय में साढ़े तेरह लाख करोड़ रुपये किसानों को दे चुकी है.पीएम मोदी ने कहा,2014 से पहले दलहन और तिलहन की सिर्फ 500-600 करोड़ रुपये की खरीद एमएसपी पर होती थी जबकि हमारी सरकार एक लाख पंद्रह हजार करोड़ रुपये से ज्यादा दलहन और तिलहन किसानों के बैंक खातों में दे चुकी है..तब किसानों को अपने पैसे के लिए भी बिचौलियों के भरोसे रहना पड़ता थापीएम मोदी ने कहा, जब वह (शरद पवार) कृषि मंत्री थे तब किसानों को अपने पैसे के लिए भी बिचौलियों के भरोसे रहना पड़ता था. महीनों-महीनों तक किसानों को पेमेंट नहीं होती थी. हमारी सरकार ने एमएसपी का पैसा डायरेक्ट किसान के बैंक खाते में भेजने का प्रबंध किया है.

## फिर से पीडीपी चीफ बनीं महबूता मुफ्ती की पीएम मोदी से अपील

- नेतन्याहू जम्मू कश्मीर की पूर्व सीएम रहीं महबूबा मुफ्ती को एक बार फिर से निर्विरोध पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी का अध्यक्ष चुन लिया गया. अध्यक्ष चुने जाने के तुरंत बाद महबूबा मुफ्ती ने इजरायल हमास युद्ध में गाजा में मारे गए फलस्तीनी नागरिकों के लिए दो मिनट का मौन रखा. इसके बाद उन्होंने कहा, मैं पीएम मोदी से अपील करती हूं कि बेंजामिन नेतन्याहू आपके दोस्त हैं, आपको उनसे बात करके मासूम फलस्तीनी नागरिकों पर बमबारी बंद करानी चाहिए.महबूबा मुफ्ती ने कहा, फिलस्तीन की बमबारी में 2 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, मैं उनके लिए दुखी हूं, लेकिन मेरा मानना है कि एक दिन फिलस्तीन को अपना देश वापस मिल जाएगा. उन्होंने आगे कहा, पीडीपी सभी गलत चीजों का विरोध करती है. हमारा उद्देश्य सरकार बनाना नहीं है, पीडीपी सरकार नहीं बनाना चाहती, बल्कि उसका मुख्य लक्ष्य वह हासिल करना है जिसके लिए मुफ्ती मुहम्मद सईद ने इस पार्टी को



बनाया था.

**मेरे पिता ने की थी पहली बार हुर्रियत से बातचीत**–मुफ्ती मुहम्मद सईद ने हुर्रियत से बातचीत में कहा, ऐसा कश्मीर के इतिहास में पहली बार हुथा जब उनके पिता ने हुर्रियत से बातचीत की वकालत की था. उन्होंने कहा, ' उनकी पार्टी सिर्फ सत्ता पाने, चुनाव लड़ने के लिए राजनीति और किसी गठबंधन में नहीं है, उनका उद्देश्य बड़ा है. वह उद्देश्य जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को बहाल करना और यहां के लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष करना है. यहां के लोगों और उनकी इच्छा के अनुसार सभी के हितों को ध्यान में रखते हुए जम्मू कश्मीर के व्यापक मुद्दे को हल करना है. इसलिए, मैं केवल आशा कर सकती हूं कि गठबंधन भविष्य में भी एकजुट रहेगा.'इजरायल हमास युद्ध के जरिए कर रहे है ध्रविकरण की कोशिश महबूबा मुफ्ती ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैंने देखा है कि बीजेपी किस तरह से इजरायल-गाजा मुद्दे पर भी ध्रुवीकरण कर रही है

# पुलिस थाना बामौरकलां द्वारा कस्बा बमोरकला, ग्राम हसर्रा, नयागांव, बिजरावन, पिपरा में फ्लैग मार्च निकाला

## आमजन से की शांतिपूर्वक चुनाव कराने एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की



राकेश परिहार पिछोर
9691338626

**बामोरकला,।** आगामी विधान सभा चुनावों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने एवं आगामी त्योहारों मे शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस थाना बामौरकलां द्वारा अपने बल के साथ कस्बा बमोरकला, ग्राम हसर्रा, नयागांव, बिजरावन, पिपरा मे फ्लैग मार्च निकाला है । पुलिस द्वारा लोगों से वार्ता की और भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की । फ्लैग मार्च मे थाना प्रभारी बामौरकलां उनि. पुनीत बाजपेयी अपने बल के साथ रहे । पुलिस द्वारा आगामी चुनावों एवं त्योहारों के मद्देनजर अपनी तैयारियों का प्रदर्शन करते हुये आमजन से क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु लोगों से अपील की । पुलिस द्वारा लोगों से अपील की गयी की अगर कोई व्यक्ति किसी तरह की अफवाह फैलाता है, किसी को डराने- धमकाने या लालच देने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें जिससे उसके खिलाफ कार्यवाही की जा सके ।

# दिनारा पुलिस द्वारा अंतर राज्य नाका सिकंदरा व एफएसटी टीम के साथ थाना दिनारा द्वारा कार्यवाही करते हुये

## कुल 1656400 रुपये नगद व 13 किग्रा चांदी कीमती 11 लाख रुपये की चैकिंग के दौरान जप्त किए गए

हरिओम चतुर्वेदी। पत्रकार

*दिनारा। पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदौरिया, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री संजीव मुले के निर्देशन श्रीमान एस.डी.ओ.पी. शिवपुरी श्री संजय चतुर्वेदी व एसडीओपी करैरा श्री शिवनारायण मुकाती के मार्गदर्शन में आज दिनांक 26.10.23 को आगामी विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत वाहन चैकिंग की गई चैकिंग के दौरान पुलिस व एफएसटी टीम की संयुक्त कार्रवाई में 1656400 नगद व 13 किलो चांदी कीमती करीबन 11 लाख रुपये की जप्त की गयी है । थाना दिनारा द्वारा अंर्राज्यीय नाका सिंकदरा पर वाहन चैकिंग के दौरान निलेश गोयल पुत्र ओमप्रकाश गोयल निवासी करैरा से 8 लाख रुपये नगद जप्त किये गये एवं एक और अन्य कार्यवाही मे थाना दिनारा पुलिस द्वारा ही सुनील सोनी पुत्र प्रभु दयाल सोनी निवासी दतिया के कब्जे से 13 किलोग्राम चांदी कीमती लगभग 11 लाख रुपए सिकंदरा नाका पर पुलिस एवं नाके की टीम द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए जप्त की है ।*

*इसी प्रकार पुलिस थाना देहात एवं एफएसटी टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये चैकिंग के दौरान मनीष धाकड़ पुत्र राम प्रकाश धाकड़ निवासी महेशपुर के कब्जे से 556400 रुपए नगद एवं राधेश्याम रजक निवासी सतनवाड़ा से 300000 रुपये नगद जप्त कर कार्यवाही की है । जप्त किए गए पैसों के संबंध में संबंधितों द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया । एफएसटी टीम द्वारा उक्त राशि मौके पर जब्त कर विधिवत कार्रवाई कर संबंधित विभाग को सूचना दी गई है ।*









# अवैध हथियारों के विरुद्ध शिवपुरी पुलिस की कार्यवाही

## 315 बोर के देशी कट्टा व राउण्ड के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक जिला शिवपुरी रघुवंश सिहं भदौरिया द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अवैध हथियार, अवैध शराब कार्यों को रोकने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है एवं क्षेत्र मे शांति व्यवस्था वनाये रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हुते समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है । उक्त निर्देशों के पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मूले एंव एसडीओपी शिवपुरी संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे पुलिस थाना कोतवाली द्वारा कार्यवाही करते हुये 315 बोर के देशी कट्टे व जिंदा राउण्ड के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है । आज दिनांक 26.10.23 को शक्तिपुरम खुडा मटका पार्क के पीछ शिवपुरी में अवैध हथियार रखने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कोतवाली थाना प्रभारी टीआई विनय यादव की टीम बनायी जाकर मटका पार्क के पीछे जाकर कार्यवाही की जहां आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा व एक जिन्दा राउण्ड जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया । आरोपी के विरुद्ध आयुध अधिनियम के अन्तर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली विनय यादव, उनि0 सुमित शर्मा, उनि0 दीपक पलिया, प्र0आर0 नरेश यादव, आर0 शिवकुमार, आर0 मनोज, आर0 अशोक, की विशेष भूमिका रही ।

# प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत, अस्पताल ने चार घंटे तक शव को रखा, नहीं दी जानकारी

शिवपुरी। जिला अस्पताल में रविवार की दोपहर एक प्रसूता और उसकी बच्ची की प्रसव के दौरान मौत हो गई। इसके बाद चिकित्सा स्टाफ चार घंटे तक प्रसूता के शव को लेबर रूम में रखे रहे और स्वजन से यह कहते रहे कि प्रसूता की हालत गंभीर है। शाम को अस्पताल के स्टाफ ने कोतवाली पुलिस को हंगामे की सूचना देकर पुलिस फोर्स बुला लिया और इसके बाद प्रसूता को मृत घोषित किया ताकि प्रसूता के स्वजन कुछ कह भी न सकें।जानकारी के अनुसार महिमा शर्मा को रविवार की दोपहर प्रसव पीड़ा होने पर भर्ती कराया गया था। स्वजन के अनुसार लेबर रूम के अंदर मौजूद स्टाफ ने सामान्य प्रसव में परेशानी बताई, लेकिन बाद में कहा कि सामान्य प्रसव करवाना है तो दस हजार रुपये लगेंगे। बकौल सचिन इसके बाद प्रसव करवाया गया तो दोपहर 2 बजे सामान्य प्रसव से ही मृत बच्ची पैदा हुई। महिमा की हालत भी खराब होती चली गई।

# शिवपुरी में बेटे की कनपटी पर कट्टा अड़ाकर विधवा से सामूहिक दुष्कर्म

**शिवपुरी** । बदरवास थानांतर्गत ग्राम पिपरौदा के जंगल में दो भाइयों ने एक विधवा महिला के बेटे की कनपटी पर कट्टा अड़ाकर उससे सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।जानकारी के अनुसार एक 35 वर्षीय विधवा महिला का बेटा रोजाना की तरह रविवार को मवेशी चराने के लिए जंगल में गया था। पीड़िता बेटे को खाना देने के लिए गई थी, तभी रास्ते में सिद्ध स्थान के पास उसे पिपरौदा निवासी दो भाई भास्कर गुर्जर और भगवान सिंह गुर्जर मिले। दोनों ने महिला को पकड़ लिया और उसके साथ जबरदस्ती करने लगे।पीड़िता के अनुसार जब वह चिल्लाई तो उसका बेटा उसकी आवाज सुनकर वहां आ गया। बेटे ने विरोध किया तो आरोपित भास्कर गुर्जर ने उसकी कनपटी पर कट्टा अड़ा दिया और उसे जान से मारने की धमकी देते हुए पीड़िता को भगवान सिंह गुर्जर जंगल में ले गया व उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।पीड़िता के अनुसार इसके बाद भगवान गुर्जर ने बेटे की गर्दन पर कुल्हाड़ी रख दी व भास्कर गुर्जर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज करवाई जिस पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है।



## कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला शिवपुरी श्री रविन्द्र कुमार चौधरी द्वारा पुलिस अधीक्षक जिला शिवपुरी की अनुशंसा पर

# दिनांक 26/10/2023 को जिले के 01 अपराधी को जिलाबदर किये जाने का आदेश पारित किया





राकेश परिहार पिछोर
9691338626

*श्री रविन्द्र कुमार चौधरी, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला शिवपुरी द्वारा पुलिस अधीक्षक जिला शिवपुरी की अनुशंसा पर दिनांक 26.10.2023 को जिले के निम्नलिखित 01 अपराधी को जिलाबदर किये जाने का आदेश पारित किया जिलाबदर । दिलीप सिंह पुत्र स्व.नवल सिंह गुर्जर, उम्र 28 साल ग्राम डोंगरी, थाना बम्हा री, जिला शिवपुरी (म.प्र.)।*


## भारतीय स्टेट बैंक

शाखा मु. ति. अम्बाह जिला मुरैना (म.प्र.)
ब्रांच कोड - 30090

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत

### सम्पत्ति के लिए आधिपत्य (कब्जा) का नोटिस {परिशिष्ट 13 (4) नियम 8 (1) }

यथतः स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शाखा मु. ति. अम्बाह जिला मुरैना (म.प्र.) के प्राधिकृत अधिकारी की हैसियत से सिक्युरीटाइजेशन एवं | रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल असेट्स एवं एनफोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इन्टरेस्ट एक्ट 2002 की धारा 13 (2) एवं 13 (12) के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋण खाता के सम्मुख अंकित दिनांक को देनदारों तथा जमानतदारों को माँग सूचना पत्र जारी किये गये थे जिसमें उन्हें नोटिस में अंकित राशि एवं इस पर ब्याज की राशि को नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणी / जमानतदार नोटिस में अंकित राशि एवं इस पर ब्याज का भुगतान करने में असफल रहे हैं अतः ऋणी / जमानतदारों एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त एक्ट की धारा 13 (4) में प्रदत्त शक्तियों के तहत जिन्हें उक्त नियम 9 के साथ पढ़ा जाये, निम्न विवरणानुसार दर्शाई गई सम्पत्ति का | आधिपत्य दिनांक 18.10.2023 दिन गुरूवार को ले लिया है। ऋणी / जमानतदारों को स्पष्ट रूप से एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों से सम्बन्धित कोई व्यवहार न करें एवं उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित कोई भी व्यवहार, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शाखा मु. ति. अम्बाह जिला मुरैना (म.प्र.) को अंकित राशि एवं उस पर देय ब्याज के लिये निर्मित प्रभार के अधीन होगा।

| क्र | ऋणी व संपत्ति बन्धककर्ता का नाम - पता | बंधक रखी / कब्जे में ली गई संपत्ति का विवरण | माँग नोटिस दिनांक एवं राशि |
|---|---|---|---|
| I | संपत्ति के मालिक : श्री वृन्दावन लाल शुक्ला पुत्र स्व. जमुना प्रसाद और सुश्री रेवती बाई पत्नी श्री। वृन्दावन लाल शुक्ला। | Registered deed No: 1671 Dt. 07/012/2012, Survey No. 22543/3 , Patwari Halka 17 , Area 31500 Sqft. I. e. .29 Hect. Sotuated at Village Bareh, Tehsil Ambah, Morena , MP 476111. Boundaries: East- Property of Vrindawan West- Property of Others North- Property of Hotam Parasar South- Property of Narendra Upadhyay | 18-10-2023 एवं राशि 19,17,369/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे (As on 17-07-2022) |
| II | संपत्ति का स्वामित्व: वृन्दावन लाल शुक्ला पुत्र स्व. जमुना प्रसाद | (1) Immovable Property: Registered Sale Deed No. 589 Dt.09.07.2010 Survey 2254/2, Patwari Halka 17, ad measuring 22500 sqft i.e. 0.210 Hectare At present Situated at Village Bareh, Tehsil Ambah, Morena, Morena Madhya Pradesh. Boundaries: East- Agri Land of Kshav Prajapati West- Agri Land of Hotam Parasar North- Property Land Part Of Survey 2254 South- Property of Hotam<br>(2) Immovable Property: Registered Sale Deed No. 746 Dt.28.07.2010 , Survey 1629, Patwari Halka 17, ad measuring 5625 sqft. At present Situated at Village Bareh, Tehsil Ambah, Morena, Morena Madhya Pradesh. Boundaries: East- Property of Ashok West- Morena Ambah Road North- Property Land Part Of Survey 1629 South- Property of Narendra Upadhyay | |
| III | | Immovable property: Registered Sale Deed No.1671 Dt. 07/12/2012, Survey no.2254/3, Patwari Halka 17, area-31500 Sqft. i.e. 0.29 Hect. Situated at Village Bareh, Tehsil Ambah, Morena, Morena Madhya Pradesh. Owner: Revati Bai Boundaries: East- Property of Vrindawan West- Property of Hotam Parasar North- Property of Babulal South- M/S Maa Kailadevi Warehouse | |

दिनांक : 26-10-2023, स्थान : अम्बाह (म.प्र.) प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, शाखा मु. ति. अम्बाह जिला मुरैना (म.प्र.)


## आवश्यक सूचना

में चन्द्रशेखर / रामअवतार, नारायण बिहार कॉलोनी गोले का मंदिर, गिर्द ग्वालियर, ग्वालियर रेसिदेंच्य, मध्य प्रदेश, 474005 का निवासी हूँ।
आप सभी को सूचित करता हूँ, कि मेरा नर्सिंग का रजिटेशन बीएससी और एम.एससी सत्र 2017 और 2013 अंकतालिका नामांकन No. AI-, DII-21820 गुम हो गई हैं।
सभी को सूचित किया जाता हैं। भविष्य में अगर मिल जाती हैं तो मैं पुरानी को M.P Cosmselling में जमा करा दूंगा।

# सिंधिया स्कूल का 125वा स्थापना वर्ष मनाया गया

## 1994 बैच के चार पूर्व छात्रों को सिंधियन आइकॉन अवार्ड से किया गया सम्मानित



ग्वालियर-सिंधिया स्कूल का 125 वां स्थापना वर्ष मनाया गया.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपस्थित थे. कार्यक्रम में देश-विदेश से पूर्व विद्यार्थियों ने भाग लिया. विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए 1994 बैच के चार पूर्व विद्यार्थियों को सिंधियन आइकॉन अवार्ड से किया गया सम्मानित,जिसमें गीत संगीत में उत्कृष्ट योगदान के लिए मनमीत सिंह,सिविल सेवा में धनंजय सिंह भदोरिया(द्रूस), चेतन मेहता एवं अजय दीप सिंह जमवाल को सम्मानित किया गया. स्थापना दिवस के कार्यक्रम में अंशुल माथुर, अंगद सिंह तोमर,पंकज टेकरीवाल,लक्ष्मण सिंह,पीतांबर प्रताप राजीव मार्केटकर, दीपक भार्गव,प्रवीण कुमार,आरिफ अली,दातार,रविंद्र कौशिक,अमित महेश्वरी,राहुल सहित भरत मेहता एवं सिंधिया स्कूल के 1994 बैच के पूर्व छात्र उपस्थित रहे.

# 19 वर्ष से फरार चल रहे 10 हजार रुपये का इनामी ऊमरी पुलिस की गिरफ्त में

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन में तथा एएसपी संजीव पाठक, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय संजय कोच्छा के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे फरारी एवं स्थाई वारंटियों की धरपकड अभियान के तहत ऊमरी पुलिस ने एक्सीडेंट के प्रकरण में वर्ष 2005 से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।न्यायालय भिण्ड के प्र.क्र. 1025/2003, थाना ऊमरी के अपराध क्र. 41/1996 धारा 304ए भादवि में फरार चल रहे आरोपी जयराम पुत्र बादशाह सिंह कुशवाह निवासी हरलाल का पुरा थाना बासोनी जिला आगरा (उ.प्र. ) को न्यायालय पेश किया गया। उक्त आरोपीका न्यायालय द्वारा दिनांक 23/02/2005 को स्थाई वारंट जारी किया गया था। उक्त स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक भिण्ड द्वारा 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था । दिनांक 25/10/2023 को मुखबिर की सूचना पर उक्त इनामी स्थाई वारंटी को उदी मोड जिला इटावा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा स्थाई वारंटी को न्यायालय पेश किया गया। उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा,एसआई नीतेन्द्र मावई,प्र.आर. आशीष तिवारी, राजवीर सिंह,आरक्षक धर्मपाल सिंह परिहार तथा सायबर सेल के आरक्षक आनंद दीक्षित,राहुल यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# जिले में कई दिग्गजों ने नामांकन पत्र दाखिल किये

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । जिला भिण्ड की पांचों विधानसभा क्षेत्र के भाजपा-कांग्रेस के कई दिग्गजों ने नामांकन पत्र भरे।कांग्रेस पार्टी के तीन उम्मीदवार ने नामांकन पत्र भरे जिनमें लहार विधानसभा क्षेत्र से नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह (कांग्रेस), भिण्ड विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मंत्री चौधरी राकेश चतुर्वेदी(कांग्रेस),अटेर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक हेमंत कटारे (कांग्रेस),भारतीय जनता पार्टी के चार उम्मीदवार ने नामांकन पत्र भरे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की मौजूदगी में गोहद विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मंत्री लालसिंह आर्य(भाजपा), मेहंगाव विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक राकेश शुक्ला (भाजपा), लहार विधानसभा क्षेत्र से अम्बरीष शर्मा गुड्डू (भाजपा) ,वहीं भिण्ड विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह (भाजपा) ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।जैसे जैसे नामांकन के अंतिम दिन नजदीक आता जा रहा प्रत्याशी जल्दी से जल्दी नामांकन पत्र दाखिल कर क्षेत्र में अधिक से अधिक समय देना चाह रहे हैं।

# प्रदेश शासन के गृहमंत्री व दतिया से पार्टी प्रत्याशी डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया

## जब कांग्रेस सत्ता में आती है तो सबसे पहले गरीब कल्याण की योजनाओं पर ताला डालने का काम करती है-डॉ. नरोत्तम मिश्रा

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड।** कांग्रेस सत्ता में आने के लिये झूठ बोलकर, फिजूल की बातें फैलाकर जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। कांग्रेस ने अब तक सिर्फ जनता को ठगने का काम किया है। यही काम कमलनाथ की 15 महीने की सरकार ने किया था। उसने गरीबों के कल्याण की सारी योजनाएं बंद कर दी थी। ये जब सत्ता में आते हैं तो खजाना खाली होने का बहाना बनाकर गरीबों पर ही प्रहार करते हैं। लेकिन अब जनता इनके बहकावे में नहीं आने वाली है और अपनी वोट की ताकत से इन्हें सबक सिखाएगी। यह बात प्रदेश शासन के गृहमंत्री व दतिया से पार्टी प्रत्याशी डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने दतिया के ग्राम डेरा गंधारी और डेरा चिरूला में चुनावी नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कही। डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस को गरीब नहीं अपने वोट की चिंता है, इन्हें वोट लेने की वक्त ही गरीब दिखाई देते हैं। उसके बाद इनका गरीबों से कोई लेना देना नहीं रहता। सिर्फ चुनावों के दौरान ही ये आपके क्षेत्र में आते हैं और उसके बाद ये आपको ढूंडने पर भी नहीं मिलेंगे। कांग्रेस का यह चरित्र जनता सब जान गई है। वह इनके बहकावे में नहीं आने वाली है। जनता की वोट की ताकत से इन्हें सबक सिखाएगी। जनता से मांगा जीत का आशीर्वादपार्टी प्रत्याशी डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने क्षेत्र में जगह-जगह नुक्कड़ सभाएं करते हुए जनता को क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों और भाजपा सरकार की गरीब कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी और जनता से भाजपा के लिए आशीर्वाद मांगा।



## कसरावद के कांग्रेस प्रत्याशी सचिन यादव ने दाखिल किया नामांकन पत्र

# अरूण यादव का दावा निमाड अंचल की सभी सीटें जीतकर,कमलनाथ के नेतृत्व में बनायेगे सरकार,सचिन यादव ने कहा भाजपा सरकार की नाकामियों और कांग्रेस के वचन पत्र,को लेकर लडेंगे और जीतेंगे चुनाव

**खरगोन** मप्र के कृषि मंत्री रहे विधानसभा क्षेत्र कसरावद के कांग्रेस प्रत्याशी सचिन यादव ने आज गुरूवार को शुभ मुहुर्त में रिटर्निंग आफिसर के समक्ष कलेक्टर कार्यालय खरगोन में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया । इस अवसर पर उनके बडे भाई पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव विशेष रूप से मौजूद थे । इसके पूर्व सचिन यादव ने अपनी माताजी श्रीमती दमयंती यादव का आशीर्वाद प्राप्त किया और हनुमानजी के मंदिर में जाकर दर्शन, पूजन, अभिषेक कर स्तुति की । निमाड अंचल की सभी सीटे जीतकर कमलनाथ के नेतृत्व में बनायेगे कांग्रेस की सरकार अपने छोटे भाई मप्र के कृषि मंत्री रहे सचिन यादव के नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री और मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे अरूण यादव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मप्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है । कमलनाथ, दिग्विजयसिंह और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में चुनाव लडेंगे और मतदाताओं का आशीर्वाद प्राप्त कर जीतेंगे । कांग्रेस दो तिहाई बहुमत से मप्र में अपनी सरकार बनायेगी । श्री यादव ने दावा किया कि निमाड अंचल की सभी 16 सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी भारी मतों के साथ विजयी होंगे । उन्होंने कहा कि मेरे पिताश्री पूर्व उप मुख्यमंत्री सुभाष यादव, हमारे परिवार और कांग्रेस को निमाडवासियों का हमेशा से ही आशीर्वाद मिलता रहा है । निमाड अंचल में सभी सीटों पर कांग्रेस का परचम लहरायेंगा और निमाड अंचल की बदौलत मप्र में कमलनाथ जी के नेतृत्व में कांग्रेस की दो तिहाई से अधिक बहुमत वाली सरकार बनेगी ।



**भाजपा सरकार के खिलाफ चल रही है मप्र में बदलाव की लहर -** कांग्रेस प्रत्याशी सचिन यादव ने विधानसभा क्षेत्र कसरावद से अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मेरा और मेरे परिवार का कसरावदवासियों से राजनीतिक नहीं अटूट पारिवारिक रिश्ता है । मुझे और मेरे परिवार को हमेशा से ही कसरावदवासियों का आशीर्वाद मिलता रहा है । इस चुनाव में भी उनका आशीर्वाद मिलेगा और जीतेंगे । श्री यादव ने कहा कि भाजपा के कुशासन को लेकर प्रदेश में बदलाव की लहर चल रही है । उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नाकामियों और कांग्रेस पार्टी के वचन पत्र को लेकर हम चुनाव मैदान में उतरेंगे, लडेंगे और जीतेंगे । श्री यादव ने दावे के साथ कहा कि मप्र में कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की भारी बहुमत वाली सरकार हम फिर से बनायेंगे ।

**जनसंपर्क अधिकारी**
**माननीय श्री सचिन यादव जी**

# नौ दिवसीय गरबा महोत्सव का समापन



पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलूरू।** श्री अम्बे माँ गरबा मंडल नेलमगला में श्री वासदेवजी कुटीर में नवरात्रि में नौ दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें पुरुष और महिलाओं और बच्चों ने माताजी तस्वीर के सामने गरबा डांडिया नृत्य किया गया और अष्टमी तिथि के दिन में हवन और पुजा पाठ किया गया और विजयदशमी के दिन शाम को भजन संध्या और माहप्रसादी रखी गई। इस भजन संध्या मै मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी पुखराज महाराज उपस्थित रहे। भजन कलाकार राधेशयाम माली अमरपुरा शानदार प्रस्तुति दी मश्री अम्बे माँ मंडल के अध्यक्ष लालाराम पटेल पुकजी महाराज का स्वागत किया गया। जिसमें गिरधारीलाल पटेल गौरधन कुमार प्रजापत, शंकरराम पटेल, मोहनलाल माली, सावलराम पटेल, राजुराम जाट, असलाराम देवासी, सेसाराम प्रजापत, सुरेश विश्नोई, कालुराम जागिड और सभी विष्णु समाज सदस्य उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय नवनिर्मित भवन उद्घाटन कार्यक्रम शुरू

पुष्पाजंली टुडे
नारायणलाल सेंणचा

**बेंगलूरू।** सीरवी समाज इलेक्ट्रॉनिक सीटी नवनिर्मित भवन उद्घाटन महोत्सव के तहत गुरूवार प्रात- 5 बजे सीरवी समाज इलेक्ट्रॉनिक सीटी के पदाधिकारी अध्यक्ष मोतीलाल मोगरेचा, उपाध्यक्ष रामलाल हाम्बड़, कोषाध्यक्ष मांगीलाल काग, सूचना मंत्री देवाराम सोलंकी पूर्व अध्यक्ष नाथूराम परिहारिया एवं समाज के अनेक पदाधिकारी अंखड ज्योत लेने एच.एस.आर लेआउट वडेर पहुंचे जहां एच.एस.आर लेआउट वडेर के अध्यक्ष फाऊलाल परिहारिया सचिव लक्ष्मणराम आगलेचा एवं नवयुवक मंडल एंव कार्यकारिणी महिला मंडल की ओर से भव्य स्वागत किया गया।पंडित रवि महाराज के सानिध्य में अखंड ज्योत प्रज्वलित कर पूजा पूजा-अर्चना की गई। उसके बाद गाजे बाजों आईमाता के जयकारों लगाते श्रद्धालु अंखड ज्योति लेकर श्रद्धालु विभिन्न मार्गो से होते हुए सीरवी समाज होसा रोड पहुंचे जहां होसा रोड संस्था के अध्यक्ष कानाराम पंवार, सचिव सत्यनारायण चोयल ने अखंड ज्योत का भव्य स्वागत किया। वहा उपस्थित समाज के अनेक समाज बंधुओ ने अखंड ज्योत के दर्शन किए। आईमाता के जयकारे लगाए। उसके बाद अखंड ज्योति इलेक्ट्रॉनिक सीटी भजन में पहुंची जहां संस्था के सचिव तुलसाराम सेंणचा, जोराराम मोगरेचा, जीताराम काग ने स्वागत किया। गुरूवार सुबह जाजम बोली के लाभार्थी सत्यनारायण चोयल, मोहनलाल चोयल परिवार द्वारा पंडित रवि महाराज के सानिध्य में विधि-विधान पूर्वक जाजम स्थापना की गई। महोत्सव के तहत यजमानों ने वैदिक मंत्रोच्चारण संग आहुतियां दी। उसके साथ अन्य हवन पूजन अनुष्ठान कार्यक्रम सम्पन्न हुए। संस्था के सचिव तुलसाराम सेंणचा ने बताया कि रात्रि भजन संध्या में राजस्थान के मशहूर गायक कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति देगें। अखंड ज्योति की स्थापना, माताजी की तस्वीर की स्थापना धर्मगुरू दीवान के सानिध्य में शनिवार को विधि विधान से होगा। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# महिलाओं की सोच से व्यवसाय में महत्वपूर्ण बदलाव आते है-अभय श्रीश्रीमाल

## जीतो में प्रथम बार महिला व्यवसायिक रेफ़रल समूह की स्थापना

पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलूरू ।** व्यवसाय में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी व्यवसाय विकास, विचारों एवं व्यवसायिक उत्पादों में भिन्नता के लिये महत्वपूर्ण हो सकती है। महिलाओं की भागीदारी सामाजिक नेटवर्क एवं समर्थन के विकास को भी प्रोत्साहित करती है जिसका उनके सामाजिक परिवेश पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और महिलाओं की सोच से व्यवसाय में महत्वपूर्ण बदलाव आते है।यह बात जीतो अपेक्स अध्यक्ष अभय श्रीश्रीमाल ने केवल महिलाओं की भागीदारी वाले जीतो बेंगलूरू नॉर्थ के जेबीएन रेफ़रल समूह के स्थापना के अवसर पर कही। जेबीएन वी कनेक्ट कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि व्यवसाय में अवसरों की वृद्धि से महिलाओं में अपने स्वास्थ्य तथा विकास के प्रति जागरुकता के बढ़ने के साथ अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमताओं में भी वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि बिना नारी के सशक्तिकरण की बात करना बैमानी है। कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए जीतो बेंगलूरू नॉर्थ के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा ने कहा कि केवल महिलाओं की भागीदारी वाले इस जेबीएन रेफ़रल समूह की प्रथम बार स्थापना से जीतो बेंगलूरू नॉर्थ इतिहास रचने जा रहा है और आने वाले समय में संपूर्ण भारत के जीतो चेप्टर इस कार्य का अनुसरण करेंगे। जीतो अपेक्स वाइस चेयरमेन राजेंद्र छाजेड ने कहा कि जीतो का प्राथमिक उद्धेश्य समुदाय को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक सशक्तिकरण करना है और जीतों बेंगलूरू नॉर्थ की महिला विंग इसमें खरी उतर रही है। केकेजी ज़ोन अध्यक्ष अशोक सालेचा ने कहा कि जोन के सभी चेप्टर बड़ी उमंग के साथ समाजोत्थान के कार्य कर रहे है। अपेक्स जेबीएन अध्यक्ष राजेश चंदन ने कहा कि व्यवसाय के लिये जीतो जेबीएन अपने आप में एक बहुत बड़ा अवसर है। उन्होंने व्यवसायिक संपर्कों के बारे में कहा कि जितना मिलोगे उतना मिलेगा। जीतो नॉर्थ सचिव व जेबीएन संयोजक प्रमोद बाफना ने कहा कि महिला रेफरल समूह के स्थापना की नींव जेबीएन के वी कनेक्ट कार्यक्रम में महिलाओं की उमड़ी भीड़ से ही पड गयी थी। नॉर्थ महिला विंग अध्यक्ष बिंदु रायसोनी ने कार्यक्रम लॉ संचालन करते हुए कहा कि महिला विंग द्वारा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम के अंतर्गत उद्यमी महिलाओं को सकारात्मक सोच के साथ उद्यम की ओर कदम बढ़ाने में पहल करने के ध्येय को लेकर जीतो के इतिहास में आज यह पहला जेबीएन महिला रेफ़रल मीट समाज के लिये प्रेरणा का स्तोत्र बनेगा। जीतो बेंगलूरू नॉर्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा ने जानकारी दी कि जीतो बेंगलूरू नॉर्थ के नव गठित जेबीएन महिला रेफ़रल समूह की अध्यक्ष सुष्मिता सेठिया, उपाध्यक्ष भाविका कोठारी एवं सचिव तनुजा मेहता को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में जोन महिला विंग संयोजक यश्मा जैन ने भी संबोधित किया। जेबीएन सह संयोजक मदन मूणोत ने संयुक्त रूप से संचालन किया। इस अवसर पर अपेक्स सीएफ़ई अध्यक्ष कैलाश गुलेच्छा, निदेशक नरेंद्रसिंह सामर, विनोद जैन, मनोज जैन व शैलेश हरण, अपेक्स हेल्थ-न्यूट्रीशियन संयोजक निशा सामर, नार्थ उपाध्यक्ष सुभाष खींवेसरा, महामंत्री सुधीर गादिया, कोषाध्यक्ष विजय सिंघवी, सचिव कमल पुनमिया व देव सामर, समिति सदस्य राजकुमार सोलंकी, अशोक भंडारी, अमित कोठारी, नितिन कटारिया व महेंद्र सोलंकी, महिला विंग पूर्व अध्यक्ष मधु दोषी, उपाध्यक्ष लक्ष्मी बाफना व रेशमा पुनमिया, कोषाध्यक्ष मधु कटारिया,महामंत्री सुमन वेदमुथा इत्यादि भी मौजूद थे।



# मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत चलाया गया हस्ताक्षर अभियान, मतदान की दिलाई शपथ

**सीहोर।**मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिलेभर में अनेक गतिविधियां संचालित की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान संचालित किया गया। जिसमें अनेक विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर लोकतांत्रिक मर्यादाओं को बनाए रखने तथा शत प्रतिशत मतदान लिए शपथ ली गई। इस अवसर पर शपथ में कहा गया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए. निर्भीक होकर धर्म, जाति, समुदाय, भाषा, अथवा, अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों हर बूथ पर में अपने मताधिकार का शत प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग करेंगें और आम मतदाताओं को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।



# बमौरी से पार्टी प्रत्याशी महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने नामांकन दाखिल किया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

गुना। गुना जिले के बामौरी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर प्रस्तावक श्री करणसिंह पटेरिया, एडवोकेट महेश रघुवंशी उपस्थित रहे।

## खेड़ा जिल्ले में कपड़वंज में पुस्तक परब का लोकार्पण किया गया

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खेड़ा जिला एवम माधव सेवा ट्रस्ट नडियाद के उपक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के सहयोग से दिनांक 25/10/2023 को पुस्तक परब योजना का लोकार्पण हुआ

नील कुमार
:ब्यूरो रीपोर्ट दैनिक पुष्पांजली टुडे

**गुजरात।** आज के दिन कपड़वंज की शिक्षक सराफी मंडली के हॉल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खेड़ा जिले के अंतर्गत कार्यरत माधवसेवा ट्रस्ट के द्वारा 17 मंडल केंद्रों पर 121 पुस्तक दाताओ के सहयोग से पुस्तक परब का कार्यक्रम संपन्न हुआ। पुस्तक परब लोकार्पण कार्यक्रम में माननीय विभाग संघचालक जी माननीय रसिकभाई पटेल,जिला कार्यवाह जी बिपिनभाई पंचाल,नायब कलेक्टर श्री सचिन भाई गोस्वामी साहब जी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तहसील और जिल्ले एवं नगर के अधिकारी सहित स्वयंसेवक और राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिल्ले और तहसील के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पुस्तक परब कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के गुजरात प्रांत के अध्यक्ष भीखा भाई पटेल की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विशाल संख्या में उपस्थित शिक्षको को प्रेरक उद्बोधन नायब कलेक्टर सचिन भाई गोस्वामी साहब ने दिया। अपने उद्बोधन में उसने कहा कि वर्तमान समय में पुस्तक वांचन का प्रमाण चिंताजनक स्तर पर नीचे आया है उस समय में माधव सेवा ट्रस्ट का ये उपक्रम प्रशंसनीय है। और ये प्रयोग समग्र गुजरात के शिक्षको द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के माध्यम से चलाया जाना चाहिए और ये उपक्रम एक अभियान के रूप में चलना चाहिए। क्रायक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माननीय विभाग संघचालक जी माननीय रसिकभाई पटेल ने अपने वक्तव्य में कहा की माधव सेवा ट्रस्ट और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा सेवा के अनेक कार्य और प्रकल्प चल रहे है जिसमे शिक्षको की सहभागिता और भूमिका महत्व की रहती हैं। ये पुस्तक परब का प्रकल्प भी समाज के लोगो तक जाए और सभी लोगो में वांचन की रुचि में बढ़ोतरी हो और नई पीढ़ी भी वांचन के लिए उत्सुक हो ऐसा करना चाहिए। ऐसे प्रकल्प समाज में सफलता प्राप्त कर यही कामना। भविष्य में ऐसी ही 151 पुस्तक परब का लोकार्पण होगा जिसमे खेड़ा के लोगो को पुस्तक के दान के लिए आगे आना चाहिए। और समाज को एक नई राह दिखाने चाहिए। साथ में इस पुस्तक परब के 121 दाता को भी बहुत धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष भीखाभाई पटेल ने शिक्षको को विशेष वांचन करके विद्यार्थियो को अपने वर्गखंड में अभ्यास के अलावा भी संस्कार की बाते करने चाहिए। विद्यार्थी भी पंचतंत्र जैसी पुस्तक श्रेणी और शिष्ट वांचन की आदत डाले इसलिए विद्यालय में भी पुस्तकालय को अपडेशन करते रहना चाहिए। विद्यार्थीयो में बाल्यावस्था से राष्ट प्रथम की भावना और राष्टप्रेम निर्मित हो, भारत का सच्चा इतिहास जान सके इसलिए उनको ऐतिहासिक,सामाजिक और धार्मिक पुस्तकों के पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। बच्चो को मोबाइल के मक्कड़ जाल से भी मुक्त कराने के लिए पुस्तक की पढ़ाई में रुचि बढ़े यही आवश्यक है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की रचनात्मक प्रवृति के बारे में बात करते हुए कहा की खेड़ा जिल्ले में 500 से अधिक बच्चियो को दिकरी दत्तक योजना के तहत संगठन के द्वारा दत्तक लिया गया है जो समग्र गुजरात के लिए प्रेरणा स्त्रोत के समान है। कर्तव्य बोध, गुरूवंदन, वर्ष प्रतिपदा उत्सव और महिला दिवस के दिन मातृशक्ति वंदना एवम विविध विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया जाता है। ऐसे कार्यक्रम जो संगठनको भी ओर मजबूती प्रदान करने में सहायक बने है। साथ में विभिन्न विचार गोष्ठी के कार्यक्रमो के कारण संगठन को भी समाज में स्वीकृति मिली है। वाम विखंडन बनाम राष्ट संवर्धन नामक पुस्तक को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने अखिल भारतीय स्तर पर प्रकाशित किया है। आने वाले समय में नकारात्मक नेरेटिव के सामने सही और सच्ची बात लोगो को समजाने में भी यह पुस्तक मददरूप होगी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा पूर्व में भी सवा लाख से एक लड़ाऊं, नारी और जयहिंद जैसे प्रकाशित हुए है ऐसे पुस्तक भी पढ़ने के लिए कहा। भीखाभाई ने कपड़वंज तहसील की पूरी टीम को सुचारू और प्रेरणात्मक आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और गुजरात में आने वाले समय में बड़ी संख्या में पुस्तक परब जैसे प्रकल्प शुरू हो ऐसी शुभकामना और आशावाद व्यक्त किया। कल्याणमंत्र के साथ इस कार्यक्रम का समापन हुआ।





संपादकीय

# राम और रहीम

सदियों से भारत में रसखान परंपरा में ऐसे तमाम बड़ी सोच वाले लोग रहे हैं जिन्होंने हिंदू–मुस्लिम एकता की दिशा में अनवरत सार्थक प्रयास किये। देश के तमाम गांवों में आज भी मिलने पर सभी संप्रदायों में राम–राम कहने का दस्तूर–सा है। निश्चित रूप से जब तक देश में सद्भाव व सकारात्मक सोच के लोग विद्यमान हैं तब तक विभाजनकारी ताकतें गंगा–जमुनी तहजीब को नुकसान नहीं पहुंचा सकती। सुखद अहसास होता है जब पता चलता है कि भारत के विभिन्न भागों में होने वाली रामलीलाओं में हिंदू, मुस्लिम, जैन आदि समुदाय के लोग गरिमा के साथ विभिन्न पात्रों का निर्वाह कर रहे हैं। अलगाव के राजनीतिक विमर्श के बावजूद कई प्रांतों से खबरें आती हैं कि राम लीलाओं में अनेक मुस्लिम परिवार पीढ़ी–दर–पीढ़ी विभिन्न किरदारों को मंच पर निभा रहे हैं। बताया जाता है कि उ.प्र. की राजधानी लखनऊ में मो. साबित खान का परिवार तीन पीढ़ियों से रामलीला मंचन में योगदान दे रहा है। जिनकी बड़ी सोच रही है कि भगवान किसी को हिंदू–मुस्लिम नहीं बनाता है। हम ऊपर वाले की रची एक जैसी रचनाएं हैं। इसी तरह राजस्थान में सीकर, उदयपुर आदि में कई मुस्लिम परिवार रामलीला में अभिनय से लेकर रावण बनाने के काम में दशकों से जुटे हैं। ऐसे ही कई उदाहरण उत्तर प्रदेश के बनारस, अमरोहा, बरेली, बागपत व हरियाणा के फरीदाबाद में भी देखने में आए हैं। कहीं वे लक्ष्मण का किरदार निभा रहे हैं तो कहीं हनुमान का। कहीं हिंदी–उर्दू मिश्रित भाषा में रामलीला के संवाद लिखे जा रहे हैं तो कहीं वे मेकअप आर्टिस्ट का किरदार निभा रहे हैं। निश्चित तौर पर जिस देश के हिंदू–मुस्लिम मिलकर अपनी सांस्कृतिक जड़ों को सींच रहे हैं, वहां वैमनस्यता व कटुता के लिये कोई जगह नहीं हो सकती है। कई संघ के नेता जब कहते हैं कि हम सब के वंशज विशुद्ध भारतीय थे तो उसकी तार्किक वजह है। निस्संदेह, हमारे आराध्य व पूजा पद्धति भिन्न होने का मतलब सामाजिक कटुता कदापि नहीं हो सकती। हर धर्म सही मायनों में धार्मिक सहिष्णुता का ही प्रतीक रहा है। दुनिया में हिंदू धर्म अपनी इस खासियत के लिये जाना जाता है कि उसने विश्व की तमाम संस्कृतियों व धर्मों को खुद में समाहित करके अपना विस्तार किया है। इतना ही नहीं अन्य धर्मों के आराध्यों को भगवान का दर्जा देकर भिन्न–भिन्न आस्थाओं का सम्मान किया है। पारसी व अन्य कई धर्म जो दुनिया में लुप्तप्राय हो चले हैं, उनका भारत में फलना–फूलना हमारी धार्मिक साहिष्णुता का पर्याय ही है। निस्संदेह, किसी भी धर्म के अच्छे लोग भी होते हैं और बुरे लोग भी। ऐसा में किसी धर्म के प्रति दुराग्रह बना लेना कतई न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। कितना अच्छा हो कि लोग होली में भी गले मिलें और ईद पर भी। हम इस देश के नागरिक हैं और सबको यहीं रहना है। तो क्यों न सद्भाव व समरसता की सोच के साथ ही रहा जाए। ये वक्त की जरूरत भी है और समरसता के विकास की अनिवार्य शर्त भी।

# भुखमरी की समस्या पर सरकार गंभीर नहीं

*एशिया में केवल अफगानिस्तान भारत से पीछे है, अन्य पड़ोसी देशों पाकिस्तान को (99वां), बांग्लादेश को (84वां), नेपाल (81वां) और श्रीलंका (64वां) का प्रदर्शन भारत से बेहतर था।*

एक ओर तो भारत पिछले दो वर्षों की तरह इस साल भी विश्व हंगर इंडेक्स में लगातार खराब प्रदर्शन कर रहा है, तो वहीं दूसरी ओर अपना प्रदर्शन सुधारने का भरोसा दिलाने या इस बाबत देशवासियों से राय–मशविरा लेने की बजाय उसे केन्द्र सरकार द्वारा खारिज ही किया जा रहा है। और तो और, उसका मजाक तक जिम्मेदार मंत्री की ओर से उड़ाया जाता है जो यह बतलाता है कि सरकार इस मुद्दे को लेकर गम्भीर नहीं है और न ही उसे जनता की कोई चिंता है। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने इसे लेकर जो बयान दिया है वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण एवं आपत्तिजनक है जिसकी कांग्रेस ने कटु आलोचना की है। जो हो, केन्द्र को चाहिये कि वह भुखमरी की समस्या से निपटने के ठोस उपाय करे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में आई रिपोर्ट में 125 देशों की सूची में भारत को 111वें नंबर पर रखा गया है। पिछले साल वह 107वें नंबर पर था। साफ है कि भारत में भुखमरी की समस्या गंभीर होती जा रही है। पाकिस्तान 102वें, बांग्लादेश 81वें, नेपाल 69वें और श्रीलंका 60वें स्थान पर है। इस प्रकार देखें तो भारत के सभी पड़ोसी देशों ने उससे बेहतर प्रदर्शन किया है। यह लगातार तीसरा साल है जब भारत की हंगर इंडेक्स रैंकिंग में गिरावट दर्ज की गई है। इससे पहले 2022 में भारत को 107वां स्थान दिया गया था। इस वर्ष भारत को 111वां रैंक मिला। एशिया में केवल अफगानिस्तान भारत से पीछे है, अन्य पड़ोसी देशों पाकिस्तान को (99वां), बांग्लादेश को (84वां), नेपाल (81वां) और श्रीलंका (64वां) का प्रदर्शन भारत से बेहतर था। इस गिरावट से साफ जाहिर है कि भारत का प्रदर्शन सतत खराब हो रहा है क्योंकि उसके पास देशवासियों को भुखमरी से निजात दिलाने की न तो इच्छा शक्ति है और न ही उसके पास वह काबिलियत है। अधिक आपत्तिजनक एवं शर्मनाक तो यह है कि भारत को जीएचआई में 125 देशों की सूची में इतने निचले पायदान पर ऐसे वक्त में रखा गया है जब वह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दावा करता है। केन्द्र सरकार और विशेष कर प्रधानमंत्री भारत की तरक्की एवं खुशहाली के बड़े–बड़े दावे कर रहे हैं जिसकी कलई हंगर इंडेक्स की ताजा रिपोर्ट ने फिर से उतारकर रख दी है। हालांकि इस रिपोर्ट के आने के बाद भारत सरकार ने भी इसे खारिज किया था। स्मृति ईरानी शुक्रवार को हैदराबाद में फेडरेशन ऑफ इंडियन चौंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के एक कार्यक्रम में बोल रहीं थीं जिसके दौरान उन्होंने कहा कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स जैसे सूचकांक वास्तविक रूप से भारत की स्थिति का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। आगे वे कहती हैं कि श्और लोगों का मानना है कि यह सब बकवास है। ईरानी का दावा था कि कई लोगों ने उनसे कहा है कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स बेतुका है। वे उस इंडेक्स को कैसे बनाते हैं? इसके जवाब में वे खुद बतलाती हैं कि 140 करोड़ के देश में तीन हजार लोगों के पास फोन आते हैं और उनसे पूछा जाता है क्या आप भूखे हैं? उन्होंने कहा कि जीएचआई के मुताबिक भारत से बेहतर पाकिस्तान कर रहा है। यह कैसे संभव है। ईरानी ने हंसकर यह भी कहा कि श्वे सुबह चार बजे घर से इस कार्यक्रम के लिये निकली हैं। उन्हें अभी तक खाना न मिलने से वे भी भूखी हैं। इसे लेकर कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने स्मृति ईरानी को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने मंत्री से पूछा है कि क्या वे सचमुच ऐसा समझती हैं कि लोगों से फोन पर यह पूछकर हंगर इंडेक्स तय किया जाता है कि क्या आप भूखे हैं? सुप्रिया ने कहा है कि आप भारत सरकार में मंत्री हैं यह आश्चर्य तो है ही, शर्मनाक भी। आप क्या सचमुच नहीं जानती कि किसी देश का हंगर इंडेक्स चार बातों से तय होता है, जिनमें अल्प पोषण, बच्चों में स्टंटिंग, बच्चों में वेस्टिंग एवं बाल मृत्यु दर शामिल है? उन्होंने कटाक्ष किया कि श्आप एक सशक्त व धनाढ्य महिला है, भारत सरकार में मंत्री हैं। आप जिन हवाई जहाजों में सुबह–शाम यात्राएं करती हैं और जिस भी शहरों में जा रही हैं वहां आपको स्वादिष्ट और पर्याप्त भोजन मिलता है। व्यस्तता में न खाना और पर्याप्त खाना न मिलने में अंतर है। कृपया भूख का मजाक न उड़ाएं। स्मृति के बयान से साफ जाहिर होता है कि मोदी सरकार का रवैया देश की मूलभूत समस्याओं को लेकर बेहद चलताऊ है जिसका प्रदर्शन वह पहले भी कर चुकी है। भारत की सभी समस्याओं और विभिन्न क्षेत्रों में उसकी स्थिति को लेकर जब भी कोई वैश्विक रिपोर्ट सामने आती है, भारत सरकार के प्रवक्ता हों या मंत्री अथवा स्वयं प्रधानमंत्री, उसे सिरे से खारिज करते हैं। उसे कभी त्रुटिपूर्ण तो कभी दूसरे देशों का भारत के खिलाफ षडयंत्र बतलाते हैं। प्रेस स्वतंत्रता हो या धार्मिक आजादी अथवा फिर रोजगार– ज्यादातर मामलों में यही देखा गया है कि पूरी सरकार उसे गलत साबित करती है। मोदी सरकार अपना दूसरा कार्यकाल लगभग पूरा करने जा रही है परन्तु अब तक उसे यह बात समझ में नहीं आई है कि वैश्विक एजेंसियां न तो ऐसे किसी के खिलाफ षडयंत्र करती हैं और न ही गलत स्थिति को पेश करती हैं। इसके अध्ययन की वैज्ञानिक पद्धतियां होती हैं और उनका आधार भी वे आंकड़े एवं तथ्य ही होते हैं जो स्वयं सरकार तैयार करती है।

# योगी के राज में नारियों के सशक्त होने से समृद्ध हो रहा है उत्तर प्रदेश

**ऋचा सिंह**

वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार मिशन शक्ति फेज 4 का प्रारंभ शक्ति वंदन कार्यक्रम के साथ कर रही है। महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाने एवं जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित कर महिलाओं, बालिकाओं से वार्ता कर उनके अंदर आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयत्न किया जा रहा है। बालिकाओं, छात्राओं, महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के साथ उन्हें सजग, सतर्क एवं निर्भीकता के साथ आत्मनिर्भर बनने एवं सम्मान के साथ अपने क्षेत्र में कार्य करने हेतु प्रेरित और प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार का मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला स्वावलंबन के लिए उठाया गया कदम महिलाओं में ऊर्जा और उत्साह का संचार कर रहा है। पिछले 6 वर्षों में प्रदेश की महिलाओं की आत्मनिर्भरता एवं श्रम शक्ति में दोगुने से भी अधिक की वृद्धि हुई है। शहरी महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ–साथ ग्रामीण अंचल की महिलाओं में भी उत्साह बढ़ रहा है। ग्रामीण महिलाओ में समूह के द्वारा कार्य करने की भावना पहले की अपेक्षा बढ़ी है। लगभग 10 लाख स्वयं सहायता समूह बनाकर उससे एक करोड़ महिलाओं का जुड़ना एक बड़ी उपलब्धि की ओर इशारा करती है जो महिलाओं के सम्मान पूर्वक जीने एवं उनके स्वावलंबी बनने का उदाहरण है। यह इस बात को भी दर्शाता है कि आगे चलकर प्रदेश की आर्थिक समृद्धि में महिलाओं की सशक्त भागीदारी होगी। महिलाएं अपने घर एवं परिवार के सभी सदस्यों के पोषण की स्वीकृति के भाव के साथ होती हैं, ऐसी भूमिका में उन्हें परिवार एवं समाज की रीढ़ की हड्डी माना जाता है। यदि समाज व परिवार का यह हिस्सा सम्मान के साथ आत्मनिर्भर हो तो निश्चित रूप से समाज ही समृद्धि की ओर कदम बढ़ाकर स्वावलंबन की ओर बढ़ता है। राज्य सरकार के दिशा निर्देश में मिशन शक्ति फेज 1 के प्रारंभ के साथ ही महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता हेतु कई कदम उठाए गए थे जिसका यह स्वर्णिम प्रतिफल है कि महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रही हैं एवं बालिकाएं शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति कर रही हैं। राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार 2017–18 में श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी 14.9: थी जो अब 36.5 प्रतिशत हो गई है। राज्य सरकार की योजना का ही परिणाम है कि महिलाएं आज प्रदेश में नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं। ऐसा दिखाया गया है कि बहुत सारी योजनाएं लागू की जाती हैं लेकिन वह जिनके लिए उपयोगी हैं उस स्तर तक उस व्यक्ति तक वह योजनाएं पहुंच ही नहीं पाती थीं जिनसे उन योजनाओं का लाभ से लाभार्थी व्यक्ति वंचित रह जाता था। मिशन शक्ति के अंतर्गत इन योजनाओं को ग्रामीण अंचल से लेकर के शहरी क्षेत्र में एक समान रूप से लोगों तक जन–जन तक पहुंचाया गया है। वर्तमान में मिशन शक्ति फेस 4 जो नवरात्र के प्रथम दिवस पर प्रारंभ किया गया है इसमें विद्यालय से भी रैली निकाली गई, हर संस्थाओं और विभाग से इसे जोड़ा गया। सुरक्षा, स्वावलंबन के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया गया है और यह एक अभियान बनाकर विद्यालय से लेकर के जिला स्तर तक के बड़े कार्यालय से जोड़ा गया है जिससे मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं को सशक्त करने हेतु किए गए प्रयास हर महिला तक, हर बालिका तक पहुंच सकें और ज्यादा से ज्यादा महिलाएं इससे लाभान्वित हो सकें। मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम से महिलाओं और बेटियों को स्वयं के अधिकारों को जानने के साथ उनमें एक चेतना जागृत हुई है। कन्या सुमंगला प्रोग्राम, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ प्रोग्राम, मिशन शक्ति प्रोग्राम के अंतर्गत बालिकाओं और महिलाओं को एक अवसर प्रदान किया गया जिससे वह सम्मानित और सशक्त महसूस कर सकें। ग्राम पंचायत में बीसी सखी और पीएम सम्मान निधि योजना के तहत 2 लाख से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया जाना ऐसे ही अवसर थे जो महिलाओं को प्रदान किए गए। वर्तमान समय में प्रदेश की महिलाओं ने श्रम शक्ति में मिले अवसरों का उपयोग कर अपने लिए स्वर्णिम भविष्य गढ़ दिया है। आज कला, विज्ञान, अंतरिक्ष, व्यापार, शिक्षा हर क्षेत्र में बालिकाएं आगे निकल रही हैं ऐसे में किसी अवांछनीय तत्व से बिना डरे मिशन शक्ति अभियान के द्वारा बच्चियां, महिलाएं निडर होकर घर से बाहर निकल रही हैं। मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रदेश भर में चल रही महिला संबंधी योजनाएं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बीसी सखी, प्रधानमंत्री वंदन योजना आदि का व्यापक प्रचार प्रचार भी किया जा रहा है। जिससे महिलाएं इन योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ उठा सकें। इन योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु कैंप लगाकर भी अभियान चलाए जा रहे हैं। महिलाओं और बालिकाओं को शासन सुरक्षा संबंधी सेवाएं जैसे विभिन्न पावर लाइन, महिला हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पुलिस आपातकालीन सेवा,




चाइल्ड हेल्पलाइन, चिकित्सा संबंधी स्वास्थ्य सेवा, एंबुलेंस सेवा संबंधी जानकारी को जगह जगह पेंट करा कर लिखवाया जा रहा है जिससे जानकारी सभी लोगों तक पहुंच सके। सुरक्षा हेतु विभाग द्वारा गठित महिला सुरक्षा बल गांव में जन चौपाल लगाकर, बस स्टैंड, बाजार, गांव, कस्बा, स्कूल कॉलेज, सार्वजनिक एवं भीड़भाड़ वाले स्थान पर बालिकाओं महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा संबंधी उपायों के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। शक्ति दीदी के रूप में महिलाओं से जुड़कर उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मिशन शक्ति का उद्देश्य प्रत्येक नारी और बच्चियों को सुरक्षा तथा सम्मान का अधिकार दिलाना है, उन्हें सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए जागरूक करना, मानसिक रूप से सबल व सामान बनाते हुए प्रत्येक क्षेत्र में उन्हें अवसर प्रदान करना है। मिशन शक्ति ने पूर्व में तीन चरणों में अपार सफलता हासिल की तथा इसका सफल क्रियान्वयन पूरे प्रदेश में किया गया है, विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नारी वंदन अधिनियम के तहत नारियों को सम्मान व सुरक्षा प्रदान किया गया है। आज महिलाएं सिर्फ चूल्हे चौके तक ही सीमित नहीं हैं, आज ऐसा नहीं है कि वह ग्रामीण अंचल से हैं तो उनको अवर नहीं उपलब्ध हैं। ग्रामीण क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह की सदस्य बनकर समाज के पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर आत्मनिर्भर बनते हुए अपने परिवार को आर्थिक एवं सामाजिक सहायता प्रदान कर रही हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत फेज 4 में ऐसी छात्राएं जो विद्यालय से दूर हो रही हैं उन्हें चिन्हित करके उनके अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें पावर एंजेल के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है और सघन अभियान चलाकर छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। बाल अधिकारों के साथ–साथ उन्हें जरूरी कानून के बारे में जानकारी दी जारही एवं सजग एवं सतर्क बनने के लिए दृष्टि प्रदान की जा रही है। आज नए भारत का नया उत्तर प्रदेश सफलता की नई कहानी कह रहा है। सरकार ने समर्थ उत्तर प्रदेश के महिला श्रम शक्ति को सशक्त बना दिया है। इनकी समृद्धि के लिए सरकार संकल्पित है। महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार ने नवरात्रि के पावन अवसर पर मिशन शक्ति की चतुर्थ चरण का प्रारंभ किया है। नारी सुरक्षा नारी सम्मान के साथ स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ रही है। शारदीय नवरात्रि से निरंतर अनेक कार्यक्रम अयोजित हो रहे हैं। केंद्र सरकार की महिला संबंधित योजनाओं का प्रदेश सरकार पारदर्शी ढंग से शत प्रतिशत लाभ महिलाओं को मिल रहा है। सरकार के कुशल नेतृत्व एवं मॉनिटरिंग का ही परिणाम है कि महिलाओं के श्रम बल की भागीदारी में वृद्धि हुई है। सरकार के मार्गदर्शन में महिलाओं के उत्थान पर विशेष रूप से कार्य किया गया है जिसकी सीएम ने स्वयं मॉनिटरिंग भी की है। केंद्र सरकार की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 1.90 करोड़ बेटियों को जागरूक किया गया है। मिशन शक्ति अभियान के तहत 8.99 करोड़ महिलाओं को जागरूक किया गया है। 189789 आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत किए गए इनमें से 189014 केंद्र संचालित भी हैं। 10 लाख सेल्फ ग्रुप बनाकर एक करोड़ महिलाओं को जोड़ा गया 2 लाख से अधिक महिलाओं को पीएम सम्मांन निधि योजना से लाभान्वित किया गया। सभी 57000 से अधिक ग्राम पंचायत में बीसी सखी की नियुक्ति की गई।

# कलम से क्रांति और कलम से ही भ्रांति, लेखनी में असीमित सामर्थ्य और क्षमताएं

**संजीव ठाकुर**

शब्दों की महिमा को अपरंपार और अक्षर को नश्वर बताया गया है ।वैसे तो लेखनी की तीव्रता तलवार से ज्यादा नुकीली और भाले से ज्यादा चुभने वाली होती है। तलवार की धार से मनुष्य एक बार बच भी सकता है पर लेखनी से लिखे गए शब्द व्यक्ति को मृत्यु सा मूर्छित कर देते है। इसीलिए चिंतकों ने कहा है बोलने से पहले और लिखने से पहले कई बार सोचें और बोलने के बाद सोचने वाला व्यक्ति समाज में मूर्खों की श्रेणी में गिना जाता है। राजनीति और कूटनीति में सारी जद्दोजहद शब्दावली और भाषणों की होती है कूटनीति में एक शब्द के कई अर्थ निकाले जाते हैं और उससे अपना हित अहित साध ा जाता है। अकबर इलाहाबादी साहब कहते हैं,खीचों न कमानों को, न तलवार निकालो, जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो। मुंह से बोले गए शब्द और वाक्य बहुत सकारात्मक भी हो सकते हैं और बड़े ही भयंकर नकारात्मक भी हो सकते हैं। एक ही शब्द कहीं पर बड़े से बड़ा दंगा करवा सकते हैं और कहीं पर बोले गए प्यार के शब्द बड़े–बड़े विवादों में सुलह करा सकते हैं। शब्द की परिणति उसकी मुक्ति ही करती है। बड़े–बड़े राजनेता अभिनेता अपने मुंह से बोले गए शब्दों से लोकप्रियता के चरम पर पहुंच जाते हैं और कहीं किसी नेता के मुंह से निकला हुआ शब्द बाण समाज में विषाद और जहर भर देता है। शब्दों के जादूगर बड़ी–बड़ी आम सभाओं में सोच समझकर इस्तेमाल कर अपना सार्थक प्रभाव छोड़ते सत्ता परिवर्तन भी शब्दों के माया जाल से हि होता है। अंग्रेजी साहित्य में अरनेस्ट हेमिंग्वे को शब्दों का जादूगर माना जाता था उनके शब्दों का प्रभाव सीधे पाठकों के दिल तक पहुंच जाता था इसी तरह हिंदी में तुलसीदास विश्वव्यापी कवि है उनकी वाणी में सत्य और अमृत है। आधुनिक हिंदी साहित्य मेंअज्ञेय जी को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है उनकी शब्दावली कठिन होते हुए भी पढ़ने वालों के मर्म तक पहुंच जाती है। महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद हिंदी और देवनागरी लिपि को आत्मसात कर उपन्यास तथा कहानी और लिख कर अमृत्व को प्राप्त किया है। देवकीनंदन खत्री जी ने भी उपन्यासों खाकर चंद्रकांता संतति, भूतनाथ पढ़ने के लिए हिंदी को सीखा और मनन किया और लोकप्रिय उपन्यास की उत्पत्ति की, कबीर अपने फक्कड़पन की भाषा के कारण उत्तर भारत के सभी दिलों में समाए हुए हैं। निसंदेह शब्द जीवंतता प्रदान करते हैं और जीवनशैली को बेहतर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं और द्रौपदी द्वारा कहे गए शब्द महाभारत की उत्पत्ति का कारण बनते हैं। इसलिए सदैव कहा जाता है की संभलकर बोलने से सद्गति प्राप्त होती है। इसीलिए तो संभल कर सही और उपयुक्त शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए। जो सदैव अच्छा वक्ता होता है अपने विचारों को संभल कर बोलता है भले ही वह दिलों को ना छुए पर उसका जनमानस को जीतना तय होता है और संसार पर वही राज करता है जो अपने शब्दों का सही इस्तेमाल करता है, गलत शब्द से, गलत संभाषण से गलत विचारों से बोला गया वाक्य प्रलय भी ला सकता है। शब्दों को तौल कर विचार कर बोलना चाहिए अन्यथा उसके नतीजे भयानक भी हो सकते हैं। शब्दों की मार बहुत ही तेज और बहुत मीठी भी होती है एक शब्द महायुद्ध करवा सकता है और दूसरा शब्द ऐसी शीतल फुहॅारे छोड़ता है कि सारा युद्ध उन्माद अखंड शांति में बदल जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका रूस ,जापान, यूरोपीय देशों में दिए वहां के राष्ट्रपति व राजनेताओं द्वारा दिए गए भाषणों संभाषणों से युद्ध और कई बार शांति स्थापित हुई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति प्रध ानमंत्री तथा उनके कैबिनेट के मंत्री अपने दिए गए वक्तव्य से ही सारी दुनिया से अलग अलग हो गए हैं। और भड़काऊ भाषण के कारण आज दुर्गति को प्राप्त हुए हैं। भारत शांति का दूत माना जाता है शांति स्थापना की सदैव मीठी वाणी बोलता आया है और यही कारण है कि भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति का पुजारी एवं दूत कहा जाता है एवं सदैव अंतर्राष्ट्रीय विवादों में उनके राजनेताओं को मध्यस्थता अथवा समझौते के लिए आमंत्रित किया जाता रहा है।

# प्रत्याशियों का धुआंधार प्रचार जारी,भाजपा उम्मीदवार ने ग्रामीण क्षेत्र में संभाला मोर्चा,कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना शहर में कर रहे प्रचार



भाजपा प्रत्याशी सुदेश राय

रघुवर दयाल गोहिया

**सीहोर।** सीहोर विधानसभा क्षेत्र में प्रमुख राजनैतिक दल भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। भाजपा प्रत्याशी सुदेश राय ने अपना मुख्य चुनाव कार्यालय लिसा टॉकीज परिसर में खोल लिया है। लगभग 20 स्थानीय और बाहर के नेता इस कार्यालय से पूरे क्षेत्र की कमांड कर रहे हैं। इस बार बाकायदा इन नेताओं को अलग अलग कार्यभार सौंपा गया है। फिलहाल अपना अधिकतर समय सुदेश राय ग्रामीण क्षेत्र में दे रहे हैं। इसी के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अरुणा राय शहर की कमान देख रही हैं। आगामी 28 अक्टूबर को दोपहर 12 अपने समर्थकों के साथ श्री राय नामांकन पत्र दाखिल करने जाएंगे। श्री राय के समर्थन में नगर जे कद्दावर नेता गौरव सन्नी महाजन के आ जाने से भाजपाइयों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।इसी तरह कांग्रेस प्रत्याशी श्री शशांक रमेश सक्सेना नगर के सभी वार्डों में अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क कर रहे हैं। उनके चुनाव संचालन की बागडोर उनके पिता पूर्व विधायक श्री रमेश सक्सेना ने संभाल रखी है। उनका चुनाव कार्यालय इंग्लिशपुरा स्थित निज निवास पर है और मुख्य कार्यालय ब?ा बाजार स्थित अग्रवाल पंचायती भवन में बनाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में श्री रमेश सक्सेना के अलावा कांग्रेस नेता कलीम पठान, श्री देवेंद्र सक्सेना आदि चुनावी बागडोर संभाल रहे हैं। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे श्री सक्सेना ने अपने निवास पर पत्रकार वार्ता भी रखी है।

**सोशल मीडिया पर आआपत्तिजनक पोस्ट करने पर होगी कार्यवाही**–भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। विधानसभा निर्वाचन के तहत स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराने और कानून व्यवस्था तथा लोक शांति बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत सोशल मीडिया पर प्रसारित की जाने वाली आपत्तिजनक पोस्ट अपलोड करने पर प्रतिबंध लगाया गया है।



कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना

कलेक्टर श्री सिंह के आदेश अनुसार कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या ग्रुप एडमिन या अन्य सोशल मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक संसाधन जैसे मोबाईल, कम्प्यूटर, फेसबुक, ई-मेल, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, ट्विटर एवं अन्य प्रकार के संचार साधनों पर किसी दल, धर्म, जाति, संप्रदाय, संस्था, व्यक्ति विरोधी, आम लोगो की भावना भड़काने व कानून व्यवस्था की विपरीत स्थिति निर्मित करने वाले और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले आपत्तिजनक मैसेज, चित्र, कमेंट, बैनर, पोस्टर आदि अपलोड नही करेंगे। व्हाट्सएप ग्रुप एडमिन ओर यूजर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित न करे। ऐसे संदेशो के प्रसारण की जिम्मेदारी ग्रुप एडमिन की होगी। सोशल मीडिया पर आए संदेशो पर प्रतिक्रिया देने से पूर्व उसकी सत्यता की जॉच करने का प्रयास करे।

**कन्या महाविद्यालय में आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियां**- मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिलेभर में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर जिलेभर में स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है और मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इसी क्रम में शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्टीय सेवा योजना एवं मतदाता जागरूकता अभियान प्रकोष्ठ द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। छात्राओं को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाकर रैली निकाली गई। रैली में मतदान संबंधी स्लोगन के माध्यम से छात्राओं एवं लोगो को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान मेंहदी, रंगोली, दीवार लेखन, पोस्टर निर्माण एवं भित्ति चित्रण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें छात्राओं द्वारा अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत छात्राओं ने एक नई पहल की। उन्होंने मतदाता जागरूकता के लिए आमंत्रण पत्र तैयार किये एवं घर तथा दुकानों पर जाकर पीले चावल देकर मतदान करने के लिए आंमत्रित किया।

# हर घर जाकर विधायक ,महापौर ओरपुर्व विधायक ने किया जनसंपर्क





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। 16 ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में आज सुबह 8 बजे सैक?ों कांग्रेस कार्यकर्ता वार्ड 21 के नारायण विहार कॉलोनी गेट पर एकत्रित हुये और वहां से हाथों में कांग्रेस के झण्डे लेकर कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, कमलनाथ जिंदाबाद के नारे लगाते हुये कांग्रेस की जनसंपर्क यात्रा शुरू हुई। यात्रा नारायण विहार कॉलोनी गेट से प्रारम्भ होकर सम्पूर्ण नारायण विहार कॉलोनी की हर गली में घर-घर पहुॅची। इसी क्रम में सुबह 8 बजे महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने वार्ड क्रमांक 45 के ऊॅट पुल से एवं शाम 5 बजे वार्ड क्रमांक 56 के डॉ. पोतदार किल्नीक आमखो से जनसंपर्क किया। इसके साथ ही पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार 'नीटू' ने वार्ड क्रमांक 30 के सिल्वर ओक होटल सिटी सेंटर से और सत्यप्रकाश सिंह सिकरवार एवं आदित्य सतीश सिकरवार ने भी कई क्षेत्रों में हर घर जाकर मतदाताओं से मिलकर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क में जिला कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष चर्तुभुज धनौलिया, ब्लॉक अध्यक्ष महादेव अपोरिया, पार्षद प्रमोद खरे, श्रीनिवास गुर्जर, डॉ.कमलेश इंदौरिया, सौदान तोमर, गजेन्द्र कुशवाह, राजेश शर्मा, संतोष शर्मा, राजेश तोमर, वीरेन्द्र यादव, सतेंद्र नागर, राहुल बघेल, आदित्य सेंगर, शोभाराम माहौर, गौरव सिकरवार, कैप्टन रामसिया शाक्य, रामसेवक माथुर, महेन्द्र चकौटिया, महेश इंदौरिया, सुनील रमपुरिया, सुनील चंद्रवंशी, राजेश तोमर, कमल किशोर, बंटी कौरव, माला जिजोतिया, प्रवेंद्र भदोरिया, रोहित धनोलिया, राजेश सिकरवार, साहब सिंह भदोरिया, रेखा माहौर, ललिता राठौर, सोहन लाल, उषा गहलोत आदि मौजूद रहे।

# नामांकन जमा करने से पहले हजारों समर्थकों के साथ रैली निकालकर किया शक्ति प्रदर्शन

## प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा के साथ आर्य ने दाखिल किया अपना नामांकन-पत्र

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** विधानसभा क्षेत्र गोहद से भाजपा प्रत्याशी लालसिंह आर्य ने हजारों समर्थकों के साथ प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा की उपस्थिति में नगर में रैली निकालकर नगर में अपना शक्ति पर प्रदर्शन किया। तत्पश्चात रेली के रूप में भिंड जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा के साथ अपना नामांकन-पत्र दाखिल किया। इससे पूर्व भाजपा प्रत्याशी लालसिंह आर्य द्वारा दंदरौआ हनुमान मंदिर, शीतला माता मंदिर, छैंकुंर वाले हनुमानजी का मंदिर पर दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तदुंपरान्त प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा के साथ गोहद के महाराजा भीम सिंह राणा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर, अग्रसेन महाराज एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित की इस दौरान नगर के मुख्य मार्गो से रेली निकालकर रोड शो किया। भाजपा प्रत्याशी लालसिंह आर्य प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा खुली कार में सवार होकर जनता का आशीर्वाद लेने निकले रोड शो पुराने बस स्टैण्ड सदर बाजार होते हुए, इटाइली गेट, अम्बेडकर पार्क, नया बस स्टैंड, गोलम्बर तिराहा अटल प्रतिमा तक किया गया। यहां रोड



शो के दौरान जनता ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान गोहद का माहौल भाजपा मय लग रहा था। यहां प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बन रही है कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नही है। भाजपा की ताकत हमारा देवतुल्य कार्यकर्ता व जनता है भाजपा की सरकार में अनेक हितग्राही कल्याणकारी योजनाएं संचालित है। जिनसे हितग्राहियों के जीवन स्तर में काफी सुधार हुआ है। सभी कार्यकर्ता कर्मठता से चुनाव प्रचार में जुट जाएं। यहां भाजपा प्रत्याशी लालसिंह आर्य ने कहा कि में कारीगर का बेटा हूं मुझे पार्टी ने पहचान दी और गोहद की जनता ने अपार स्नेह दिया। आज में जो कुछ भी हूं वो गोहद की जनता का आशीर्वाद है। मुझे आपके सहयोग व आशीर्वाद की जरूरत है हमें लोगो के बहकावें में नहीं आना है हमें अपने गोहद का भविष्य तय करना है।

# प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी प्रत्याशी लाल सिंह आर्य, राकेश शुक्ला एवं अमरीश शर्मा गुड्डू का नामांकन दाखिल करवाया

## प्रदेश अध्यक्ष ने भिंड जिले के गोहद में रोड शो कर पार्टी प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** मिस्टर बंटाढार एवं मिस्टर करप्टनाथ ने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य बनाकर गरीब कल्याण की योजनाओं को बंद कर दिया था। कमलनाथ की सवा साल की सरकार में वल्लभ भवन दलाली का अड्डा बन गया था। आज देश विरोधी ताकतें सनातन पर हमला कर उसे समाप्त करने की बात कर रही हैं, लेकिन उनका यह सपना साकार नहीं होगा। ऐसी देश विरोधी ताकतों को जवाब देने का समय आ गया है। जनता अपने वोट की ताकत से इन्हें बूथ पर जवाब देगी। भाजपा की डबल इंजन की सरकार द्वारा कराए गए गरीब कल्याण के कार्यों एवं बूथ पर देवदुर्लभ कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम व मेहनत से मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत से सरकार बनेगी। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने गुरूवार को भिण्ड में पार्टी प्रत्याशी श्री लाल सिंह आर्य, श्री राकेश शुक्ला एवं श्री अमरीश शर्मा गुड्डू का नामांकन दाखिल



करवाने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने गोहद में रोड शो कर पार्टी प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगा एवं जिले के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर पार्टी की प्रचंड विजयश्री का मंत्र दिया। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि 2018 में भी कांग्रेस झूठा वचन-पत्र लेकर आई थी। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने प्रदेश की जनता से झूठ बोला था कि यदि घोषणाओं पर अमल नहीं हुआ तो 15 दिन में मुख्यमंत्री हटा दूंगा, लेकिन न तो घोषणाओं पर अमल हुआ और न ही मुख्यमंत्री बदले गए। अब फिर कांग्रेस झूठ का पुलंदा लेकर आई है और जनता से छल-कपट करने में जुटी हुई है। आज यही कांग्रेसी सनातन पर सवाल उठा रहे हैं, लेकिन प्रदेश की जनता इनके काले कारनामों को जानती है और इसका जवाब बूथ पर कमल का बटन दबाकर देगी।

**मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य से बाहर निकाल का विकसित प्रदेश बनाया**–पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने भिण्ड में व्यापार मंडल धर्मशाला परिषद में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य से बाहर निकालकर विकसित प्रदेश बनाया है। भाजपा सरकारों ने गरीब कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग के विकास के लिए कार्य किया है। 15 माह की कांग्रेस की सरकार ने भाजपा सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया था, जैसे ही मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी, पुनः योजनाओं को प्रारंभ कर प्रदेश के गरीबों को आत्मनिर्भर बनाया।

लहार में कांग्रेस के कुशासन को समाप्त कर भाजपा को जिताएं

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि लहार विधानसभा में आतंक का पर्याय बने कांग्रेस के कुशासन को प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ पर समाप्त करते हुए विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत से जिताएं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ जिले की पांचों विधानसभाओं में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराएगा और कमल का फूल खिलेगा। यह चुनाव मिशन 2024 को मजबूती प्रदान करेगा इसलिए हम सब कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर प्रहरी के रूप मे अपनी कमर कसकर बूथ को जिताने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि सर्व समाज भारतीय जनता पार्टी के साथ ख?ा है और पार्टी के प्रत्याशियों को आशीर्वाद दे रहा है। निश्चित रूप से भाजपा की प्रचंड बहुमत से सरकार बनेगी।

**सरकार की योजनाओं को जनता के बीच लेकर जाएं कार्यकर्ता**–भिंड सांसद श्रीमती संध्या राय ने कहा कि बूथ का कार्यकर्ता विचार और लक्ष्य के साथ भारतीय जनता पार्टी को जिताने का संकल्प लेकर जनता के बीच जाएं एवं पार्टी के लिए समर्थन मांगें। बूथ जीता तो चुनाव जीता, यह भारतीय जनता पार्टी का मूलमंत्र है। यही हमारी विचारधारा को आगे ब?ाएगा और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से हम प्रत्येक बूथ पर जीत हासिल करेंगे।

**पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो कर मांगा समर्थन**–पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने भिण्ड जिले के गोहद में रोड शो कर पार्टी प्रत्याशी श्री लालसिंह आर्य के लिए जनता से समर्थन मांगा। प्रदेश अध्यक्ष ने रोड शो की शुरूआत चक्रधारी मंदिर में पूजन-अर्चन के साथ की एवं पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की। रोड शो के दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा एवं पार्टी प्रत्याशी श्री लाल सिंह आर्य का जगह-जगह पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत हुआ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने गोहद में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही जनता का अभिवादन करते हुए ऐतिहासिक स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने रथ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने गोहद में चहुंमुखी विकास कार्य कराए हैं। इसी आधार पर पार्टी आपसे वोट मांगने आई है।इस अवसर पर सांसद श्रीमती संध्या राय, जिलाध्यक्ष श्री देवेन्द्र सिंह नरवरिया, प्रदेश शासन के मंत्री श्री ओपीएस



भदौरिया, जिले के प्रभारी श्री जयप्रकाश राजौरिया, शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. नीतेश शर्मा, मध्य प्रदेश बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष डॉ. राजकुमार सिंह कुशवाह, चंबल संभाग प्रभारी श्री विजय दुबे, प्रवासी विस्तारक संभाग श्री रघुनाथ प्रसाद कुलकर्णी, पार्टी प्रत्याशी श्री नरेंद्र सिंह कुशवाह, श्री अमरीश शर्मा गुड्डू, पूर्व विधायक श्री शिवशंकर समाधिया, श्री संजीव कांकर, डॉ. रमेश दुबे, श्री अवधेश सिंह कुशवाह, श्री राममिलन शर्मा, श्री आनंद बरुआ, डॉ. राजकुमार सिंह कुशवाह, श्री ओमप्रकाश अग्रवाल बाबूजी, श्री राजेंद्र शर्मा, श्री रामप्रकाश तिवारी, श्री ओमप्रकाश पुरोहित, श्री रतनचंद जैन, श्री जण्डेल सिंह राजावत, श्री प्रदीप सिंह भदौरिया, श्री अमित जैन, श्री शेर पचैरी, श्री श्याम सिंह राठौर, श्री शिव किशोर सिंह राजावत, श्री कमल शर्मा, श्री धर्म सिंह भार्गव, श्री पवन जैन, श्री मनोज अनंत, श्री रामबाबू उपाध्याय, श्री गब्बर सिंह गुर्जर, श्री कमल सिंह तोमर, मंडल अध्यक्ष श्री देवेंद्र गौड, श्री विवेक जैन, श्री रवि शर्मा, श्री दीपक सिंह तोमर सहित पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# विधिक साक्षरता शिविर सह कार्यशाला संपन्न



**पुष्पांजली टुडे रीवा**

**रीवा।**प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुबोध कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अहमद रजा के नेतृत्व में ए.डी. आर. सेन्टर रीवा में विधिक साक्षरता शिविर सह कार्यशाला एवं पैरालीगल बालेटियर्स के प्रशिक्षण का आयोजन किया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अहमद रजा द्वारा पैरालीगल वालेंटियर्स को लीगल एड क्लीनिक्स, किशोर न्याय अधिनियम, पाक्सों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री अभय कुमार मिश्रा निःशुल्क विधिक सहायता लोक अदालत सालसा एवं नालसा के योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान पैरालीगल वालेंटियर्स भीम सिंह, धर्मेन्द्र नापित, साबिर असलम, मीना सिंह, रंजना सिंह ने भी लीगल एड क्लीनिक के विषय अपने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में नवीन पैरालीगल वालेंटियर्स उमा सोधिया, प्राची सिंह, रेशू शुक्ला पूर्णिमा साहू, रश्मी मिश्रा, सचि द्विवेदी, प्रिया पासी आरती गुप्ता, सवा रब्बानी, सना रब्बानी एवं शिवानी पाण्डेय उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता मेगा रैली में हजारों-हजार की संख्या में विद्यार्थियों व अन्य लोगों ने की सहभागिता

## विधानसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने का दिया संदेश

**पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। जिले के सभी मतदाताओं की विधानसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में रीवा शहर के टीआरएस कालेज मैदान में मतदाता जागरूकता मेगा रैली में हजारों-हजार की संख्या में छात्र-छात्राओं तथा अन्य लोगों ने अपनी सहभागिता निभाते हुए लोगों को मतदान करने का संदेश दिया। मेगा जागरूकता रैली को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह भी उपस्थित रहे। यह रैली कालेज चौराहा, जयस्तंभ चौक से वेंकट मार्ग होते हुए शिल्पी प्लाजा होकर वापस टीआरएस कालेज में समाप्त हुई। रैली में शामिल विद्यार्थियों, अधिकारियों, विशेष सशस्त्र बल के जवानों, पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, शिक्षकों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मतदाता जागरूकता से संबंधित बैनर लेकर तथा नारे लगाते हुए व हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता रैली को रवाना करने से पूर्व अपने उद्बोधन में जिला



निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि इस रैली के माध्यम से सभी लोग मतदाता जागरूकता का संदेश लेकर जाएंगे। आगामी 17 नवम्बर को रीवा जिले में शत-प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। यह संदेश जन-जन तक पहुंचेगा। रैली में शामिल विद्यार्थी जो मतदाता हैं वह अपने मताधिकार का प्रयोग तो करेंगे ही साथ ही अपने परिजनों व आस-प?ौस के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि रीवा जिले के जागरूक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें ताकि मतदान का प्रतिशत बड़े। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। रैली में एसएएफ के जवान, एनसीसी, एनएसएस, विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं व शिक्षक, सभी शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी व शिक्षक सहित सैनिक स्कूल और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप डॉ सौरभ सोनवणे, सहायक संचालक एवं सहायक नोडल अधिकारी आशीष द्विवेदी उपस्थित रहे।

# धार्मिक स्थलों में सभा करने या प्रचार करने की नहीं होगी अनुमति

**पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा।. निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रचार के संबंध में निर्देश देते हुए बताया है कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के समय किसी भी धार्मिक स्थान में राजनैतिक सभा करने अथवा किसी भी माध्यम से प्रचार करने की अनुमति नहीं होगी। उल्लंघन करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।निर्वाचन आयोग ने सभी कलेक्टरों को इस संबंध में दिए गए निर्देशों का कठोरता से पालन करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि सभी नगरपालिका अधिकारियों को क्षेत्र मे होर्डिंग के लिए चिन्हित स्थलों की दरों का निर्धारण कर कुछ स्थलों को स्वीप एवं निर्वाचन संबंधी अन्य जानकारी प्रदर्शित करने हेतु आरक्षित करें। साथ ही अन्य उपलब्ध स्थलों को निर्धारित दरों पर समानता के अनुसार प्रचार के लिए उपलब्ध कराएं। समस्त रिटर्निंग अधिकारियों को सभा स्थलों का चिन्हांकन कर, उक्त स्थलों में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने की कार्यवाही शीघ्र संपादित करने के लिए कहा है। उन्होंने यह भी कहा लाउडस्पीकर चलाने की अनुमति में यह ध्यान रखा जाए। सभी शर्तों का स्पष्ट रूप से उल्लेख हो एवं शर्तों का अनुपालन पूरी कड़ाई के साथ करें।

# सजे-धजे वाहन और गुब्बारों से दिया जा रहा मतदाता जागरूकता का संदेश




**रीवा**।विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले भर के नगरीय निकायों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट कार्यालय तथा कमिश्नर कार्यालय में विशाल रंग-बिरंगे गुब्बारे के माध्यम से लोगों को 17 नवम्बर मतदान तिथि की जानकारी दी जा रही है। इन विशाल गुब्बारों को कोतूहलवश देखकर आमजनता सहज ही मतदान दिवस की जानकारी प्राप्त कर रही है। इसमें मतदान करेगा रीवा नारे से भी लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी तरह 26 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में मेगा जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में सजे-धजे वाहन से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। वाहन को फूलों से सुंदर तरीके से सजाया गया है। इसमें चारों ओर मतदाता जागरूकता से संबंधित बैनर और पोस्टर लगाए गए हैं। यह प्रचार वाहन नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर मतदाताओं को मतदाता जागरूकता के संदेश दे रहा है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण



**पुष्पांजली टुडे रीवा**

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने रीवा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत रीवा शहर के टीआरएस कालेज में बनाए गए मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि केन्द्र में रैम्प, शौचालय की व्यवस्था के साथ मतदाताओं के लिए छाया एवं पानी की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र में मतदाताओं की भी? न लगे इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से ही कर ली जाएं। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार यतीश शुक्ला उपस्थित रहे।

# चुनाव संबंधी सूचनाओं के लिए टोल फ्री नम्बर 1950 है 24 घण्टे उपलब्ध

**पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा।विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत शिकायतों के निराकरण के लिये प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। राज्य स्तर पर संचालित कॉल सेंटर का टोल फ्री नम्बर 1950 पर लगातार 24 घण्टे काम हो रहा है। प्राप्त शिकायतों को नेशनल ग्रेवियेंस सर्विसेज पोर्टल पर भी दर्ज किया जा रहा है। प्रत्येक जिले में कांटेक्ट सेन्टर के माध्यम से प्रति दिन मॉनीटरिंग की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को प्राप्त हो रही शिकायतों को भी डिजिटाइज कर समय-सीमा में उनका निराकरण किया जा रहा है। राजनैतिक दलों द्वारा की जा रही शिकायतों के संधारण हेतु प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट का अलग से मॉड्यूल तैयार किया गया है। इसके माध्यम से समस्त राजनैतिक दलों द्वारा की गई सभी प्रकार की शिकायतों के निराकरण की स्थिति उनके द्वारा वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

# विधानसभा चुनाव के लिए बनाया गया है कंट्रोल रूम

**पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा।. विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्ट्रेट के भूतल में कक्ष क्रमांक 11 ए लोकमित्र कक्ष में कंट्रोल/शिकायत कक्ष स्थापित किया गया है। निर्वाचन कंट्रोल रूम का फोन नम्बर 07662-255143 है।

# सिक्योरिटी गार्ड से झड़प में भड़के श्रमिकों ने पुलिस पर किया पथराव, तीन टी आई समेत 10 घायल

रीवा। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ढेकहा मोहल्ले में बुधवार सुबह काफी बवाल हो गया। एक सिक्योरिटी गार्ड ने श्रमिक को चाकू मार दिया। इससे नाराज होकर अन्य श्रमिकों ने जमकर उत्पात मचाया और एक मेडिकल स्टोर में तोड़फोड़ कर कार में आग लगा दी। श्रमिकों ने पुलिस पर भी पथराव कर दिया, जिससे तीन टीआइ समेत 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने लाठीचार्ज कर उपद्रवियों पर काबू पाया। थाना चोरहटा के जेरूका गांव निवासी राजकुमार साकेत (45) काम की तलाश में ढेकहा मोड़ पहुंचा था, जहां पर अन्य श्रमिक भी इकट्ठा थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर वहां मौजूद एक सिक्योरिटी गार्ड से उसकी बहस हो गई। सिक्योरिटी गार्ड ने उसके साथ मारपीट कर दी। श्रमिकों का आरोप है कि सिक्योरिटी गार्ड ने चाकू भी मारा।इसके बाद मौके पर मौजूद करीब सौ से अधिक श्रमिक गुस्सा गए। उन्होंने पथराव शुरू कर दिया। एक मेडिकल स्टोर में जमकर तोड़फोड़ की।

**दर्शनकारियों ने किया पुलिस पर पथराव-** रीवा लोकायुक्त की टीम ने



5000 रिश्वत लेते रीवा लोकायुक्त की टीम ने 5000 रिश्वत लेते पटवारी को किया गिरफ्तारपुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए लाठियां भांजीं तो प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर भी पथराव दिया। इसमें दोनों तरफ से 24 से अधिक लोग घायल हुए। घायलों में पुलिस निरीक्षक रूपलाल उइके, निरीक्षक सिंगार सिंह राजपूत, निरीक्षक जेपी पटेल सहित 10 पुलिसकर्मी शामिल हैं। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर काबू पा लिया। इनका संजय गांधी अस्पताल में इलाज चल रहा है।



# कांग्रेस ने सुमावली सीट से कुलदीप का टिकट किया निरस्त, बसपा ने बनाया प्रत्याशी

**मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए सुमावली सीट से कांग्रेस ने पहले कुलदीप सिकरवार को प्रत्याशी घोषित किया था।बाद में उनका टिकट निरस्त कर यहां से अजब सिंह कुशवाह को उतार दिया तो कुलदीप ने बसपा की सदस्यता ली।पार्टी ने चंद घंटों में ही उन्हें सुमावली से प्रत्याशी घोषित कर दिया है।पार्टी ने चंद घंटों में ही उन्हें सुमावली से प्रत्याशी घोषित कर दिया है। बता दें कि पहले अजब सिंह कुशवाह ने भी टिकट नहीं मिलने पर पार्टी छोड़कर बसपा की सदस्यता ले ली थी, पर बाद में कांग्रेस ने उन्हें टिकट देकर राजी कर लिया। कुलदीप के अलावा पार्टी ने 12 और प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं।**

**136 अभ्यर्थियों ने 152 नामांकन पत्र किए जमा-17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को प्रदेश में 136 अभ्यर्थियों द्वारा 152 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए हैं। अब तक कुल 290 अभ्यर्थियों द्वारा 327 नामांकन पत्र जमा किए जा चुके हैं। 30 अक्टूबर नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि है।**

# मतदाता जागरूकता की विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए किया जा रहा है जागरूक

**पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वीप गतिविधियों के तहत शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। टीआरएस कालेज रीवा में मतदाता जागरूकता की सामूहिक शपथ दिलाई गई तथा लोकतंत्र में मतदाता जागरूकता विषय



पर निबंध में विद्यार्थियों ने ब?च? कर हिस्सा लिया। जनपद पंचायत मऊगंज के ग्राम पंचायत खैरा में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई तथा उपस्थितजनों को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। जनपद पंचायत गंगेव के पताई ग्राम पंचायत तथा बु?वा ग्राम पंचायत में लोगों ने शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया तथा मौहरिया ग्राम पंचायत में नारे लिखी तरिलयों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। स ु द श ा ं न महाविद्यालय लालगांव में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी तरह सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के ओबरा ग्राम में महिलाओं ने बघेली गीत के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया तथा मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन कर महिलाओं को मतदान में अपनी सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

## तेज रफ्तार कार ट्रक के पीछे घुसी, तीन युवकों की मौत

# मैहर सिविल अस्पताल के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया मरने वाले युवक जबलपुर के निवासी बताए जाते हैं

**पुष्पांजली टुडे रीवा**

मैहर। नवगठित मैहर जिले के नादन थाने के अंतर्गत बरहिया ग्राम में तेज रफ्तार ने तीन घरों के चिराग बुझा दिए। ट्रक के पीछे घुसी कार दुर्घटनाग्रस्ड़त हो गई। हादसे में घायल तीनों युवकों को मैहर सिविल अस्पताल लाया गया, जहां चिकत्सिकों ने मृत घोषित कर दिया। मरने वाले युवक जबलपुर के निवासी बताए जाते हैं।सड़क किनारे खड़े ट्रक नम्बर यूपी 63 ए टी 4316 से जा टकराईबेला-कटनी नेशनल हाइवे पर नादन थाना क्षेत्र में गत बुधवार की रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई।बेला-कटनी नेशनल हाईवे पर नादन देहात थाना क्षेत्र में बरहिया के पास तेज रफ्तार कार एमपी 20 सीजे 9930 ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई। बताया



जाता है कि जबलपुर की तरफ जा रही कार रात के वक्त सड़क किनारे खड़े ट्रक नम्बर यूपी 63 ए टी 4316 से जा टकराई।

**कार का अगला हिस्सा ट्रक में घुस गया-**हादसे के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और मदद कर कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। कार में तीन लोग सवार थे और उन तीनो की ही हालत बेहद खराब थी। तीनो को मैहर सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला है कि कार जबलपुर के रांझी निवासी कपिल चौरसिया के नाम रजिस्टर्ड है। कार में कपिल चौरसिया के गुरु समेत 3 लोग सवार थे जो रीवा से वापस जबलपुर लौट रहे थे।

# कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में चार प्रत्याशी बदले

**भोपाल।** कांग्रेस ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पूर्व में घोषित चार प्रत्याशियों के नाम में बदलाव करते हुए नये उम्मीदवार घोषित किये हैं। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने चार विधानसभा क्षेत्र सुमावली, पिपरिया-सु, बड़नगर तथा जावरा विधानसभा क्षेत्र में पूर्व घोषित प्रत्याशियों की जगह चार नये उम्मीदवार बनाए हैं।



उन्होंने बताया कि सुमावली में कुलदीप सिकरवार का टिकट काटकर अजब सिंह कुशवाहा को टिकट दिया गया है। पिपरिया सुरक्षित सीट से गुरुचरण खरे का टिकट काटकर वीरेंद्र वेलवंशी को नया उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने बड़नगर विधानसभा क्षेत्र से राजेंद्र सोलंकी की जगह मुरली मोरवाल को तथा जावरा विधानसभा क्षेत्र से हिम्मत श्रीमाल की जगह वीरेंद्र सिंह सोलंकी को नया उम्मीदवार बनाया है।

# कानपुर के अस्पताल में संक्रमित खून चढ़ाने की गंभीर लापरवाही-खडगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में 14 बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने की घटना को गंभीर लापरवाही और शर्मनाक स्थिति बताते हुए कहा है कि केंद्र तथा राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने व्यवस्था को डबल बीमार बना दिया है।



श्री खडगे ने बुधवार को यहां जारी बयान में भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा 'डबल इंजन सरकार ने हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था को डबल बीमार कर दिया है।' उन्होंने कहा 'यूपी के कानपुर में एक सरकारी अस्पताल में थैलीसीमिया के 14 बच्चों को संक्रमित खून चढ़ा दिया गया, जिससे इन बच्चों को एचआईवी एड्स और हेपेटाइटिस बी, सी जैसी चिंताजनक बीमारियाँ हो गई हैं।' उन्होंने कहा 'ये गंभीर लापरवाही शर्मनाक है। मासूम बच्चों को भाजपा सरकार के इस अक्षम्य अपराध की सजा भुगतनी पड़ रही है। मोदी जी कल हमें 10 संकल्प लेने की बड़ी-बड़ी बातें सिखा रहे थे, क्या उन्होंने कभी अपनी भाजपा सरकारों की रत्ती भर भी जवाबदेही तय की है।'

# उपराष्ट्रपति धनखड़ उत्तराखंड के दो दिवसीय प्रवास पर आज से

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं डॉ. सुदेश धनखड़ 26 अक्टूबर को उत्तरखंड की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। उपराष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद राज्य में उनकी यह पहली यात्रा होगी। उपराष्ट्रपति धनखड़ पहले दिन गंगोत्री जाएंगे। अगले दिन 27 अक्टूबर को वो केदारनाथ धाम और बद्रीनाथ धाम के दर्शन करेंगे। इसके बाद उपराष्ट्रपति धनखड़ वन अनुसंधान संस्थान देहरादून में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित कंट्री लेड इनिशिएटिव (सीएल आई) के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। इस यात्रा में उनका देहरादून राजभवन जाने का भी कार्यक्रम है।



# आजम खां से मिलने जेल जाएंगे अजय राय, बोले- उत्पीड़न के विरोध में कांग्रेस साथ है

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय अपनी टीम के साथ बृहस्पतिवार को सीतापुर जेल में सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस लगातार अल्पसंख्यक नेताओं को जोड़ने के अभियान में लगी है। अजय राय की यह मुलाकात भी उसी कड़ी से जोड़ कर देखी जा रही है। हालांकि अजय राय का कहना है कि भाजपा सरकार ने गलत तरीके से आजम खां पर निशाना साधना शुरू किया है। ऐसे में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक वरिष्ठ नेता के साथ हुए उत्पीड़न के विरोध में कांग्रेस खड़ी है। आजम खां के साथ अन्याय हो रहा है।

# प्रेम और करुणा के बिना मानवता जीवित नहीं रह सकती : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा आयोजित अंतर्धार्मिक बैठक में कहा कि प्रेम और करुणा के बिना मानवता जीवित नहीं रह सकती।



राष्ट्रपति ने कहा कि जब विभिन्न धर्मों के लोग एक साथ मिल-जुलकर रहते हैं तो समाज और देश का सामाजिक ताना-बाना मजबूत होता है। यही ताकत देश की एकता को और मजबूत करती है और प्रगति के पथ पर ले जाती है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 2047 तक भारत को एक विकसित देश के रूप में स्थापित करना है, इस लक्ष्य को हासिल करने में सभी का सहयोग आवश्यक होगा।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि धर्म हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। धार्मिक मान्यताएं और प्रथाएं हमें विपरीत परिस्थितियों में राहत, आशा और शक्ति प्रदान करती हैं। प्रार्थना, ध्यान और अनुष्ठान मनुष्य को आंतरिक शांति और भावनात्मक स्थिरता का अनुभव करने में मदद करते हैं लेकिन शांति, प्रेम, पवित्रता और सच्चाई जैसे मौलिक आध्यात्मिक मूल्य ही हमारे जीवन को सार्थक बनाते हैं। इन मूल्यों से रहित धार्मिक प्रथाएं हमारा कल्याण नहीं कर सकती हैं। समाज में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए सहिष्णुता, एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सौहार्द के महत्व को समझना आवश्यक है। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रत्येक मानव आत्मा स्नेह और सम्मान की पात्र है। स्वयं को पहचानना, अपने मूल आध्यात्मिक गुणों के अनुसार जीवन जीना और ईश्वर के साथ आध्यात्मिक संबंध रखना ही सांप्रदायिक सद्भाव और भावनात्मक एकीकरण का सहज साधन है।

# प्रधानमंत्री गुरुवार को महाराष्ट्र और गोवा का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को महाराष्ट्र और गोवा का दौरा करेंगे। वह महाराष्ट्र में लगभग 7500 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री पहली बार गोवा में आयोजित हो रहे 37वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को एक बयान जारी कर बताया कि प्रधानमंत्री दोपहर करीब एक बजे महाराष्ट्र में अहमदनगर जिले के शिरडी पहुंचेंगे, जहां वह श्री साईबाबा समाधि मंदिर में पूजा और दर्शन करेंगे। वे मंदिर में नए दर्शन कतार परिसर का भी उद्घाटन करेंगे। यह परिसर नवीनतम तकनीक से पूर्ण एक आधुनिक विशाल भवन है। यह दस हजार से अधिक भक्तों के बैठने की क्षमता वाले कई प्रतीक्षा हॉलों से सुसज्जित है। इसमें क्लॉक रूम, शौचालय, बुकिंग काउंटर, प्रसाद काउंटर और सूचना केंद्र आदि जैसी वातानुकूलित सार्वजनिक सुविधाओं का प्रावधान है। इस



नए दर्शन कतार परिसर की आधारशिला अक्टूबर, 2018 में प्रधानमंत्री द्वारा रखी गई थी।

दोपहर करीब दो बजे प्रधानमंत्री निलवंडे बांध का जल पूजन करेंगे और बांध के एक नहर नेटवर्क (85 किमी) को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इससे पानी के पाइप वितरण नेटवर्क की सुविधा से सात तहसीलों (अहमदनगर जिले में 6 और नासिक जिले से 1) के 182 गांवों को लाभ होगा। निलवांडे बांध का विचार सबसे पहले 1970 में आया था। इसे 5,177 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा है।

अपराह्न लगभग सवा तीन बजे प्रधानमंत्री शिरडी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 'नमो शेतकरी महासम्मान निधि योजना' का शुभारंभ करेंगे। इस योजना से महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 86 लाख से अधिक लाभार्थियों को प्रति वर्ष 6000 रुपये की अतिरिक्त राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री स्वास्थ्य, रेल, सड़क और तेल जैसे क्षेत्रों में लगभग 7500 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे तथा आधारशिला रखेंगे।

# अभिनेता राजकुमार राव बनेंगे चुनाव आयोग के 'राष्ट्रीय आइकन'

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने फिल्म अभिनेता राजकुमार राव को राष्ट्रीय आइकन बनाया है। गुरुवार को आकाशवाणी के रंग भवन में इस संबंध में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोग लगातार युवाओं में चुनावों के प्रति उदासीनता दूर करने के प्रयास में लगा हुआ है। इसी क्रम में पहले सचिन तेंदुलकर और अब राजकुमार राव को राष्ट्रीय आइकन बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि दो महीने पहले क्रिकेट लेजेन्ड और भारत रत्न सचिन तेंदुलकर को चुनाव आयोग ने मतदाता जागरूकता और शिक्षा के लिए 'राष्ट्रीय आइकन' बनाया था। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पाण्डेय तथा अरुण गोयल की उपस्थिति में आकाशवाणी रंग भवन, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में अभिनेता के साथ इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जायेंगे।भारत निर्वाचन आयोग विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध भारतीयों के साथ स्वयं को जोड़ता आया है और लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए उन्हें भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय आइकन के रूप में नामित करता है। आयोग ने पिछले वर्ष प्रसिद्ध अभिनेता पंकज त्रिपाठी को राष्ट्रीय आइकन के रूप में मान्यता दी थी। इससे पहले 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान एमएस धोनी, आमिर खान और मैरी कॉम जैसे दिग्गज भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय आइकन थे।



# छग विस के लिए भाजपा ने जारी की चौथी सूची, इसके साथ ही सभी सीटों के उम्मीदवार घोषित

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी चौथी सूची जारी कर दी है। बुधवार को राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह द्वारा जारी सूची में चार उम्मीदवारों में अंबिकापुर विधानसभा से राजेश अग्रवाल, बेलतरा से सुशांत शुक्ला, कसडोल से धनीराम धीवर और बेमेतरा से दीपेश साहू के नाम शामिल हैं। इस तरह भाजपा ने छत्तीसगढ़ में अपने सभी उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने सबसे पहले 64 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। दूसरी सूची में 21 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई थी। तीसरी सूची में भाजपा ने एक ही नाम जारी किया था और अब भाजपा ने बाकी बची हुई सीटों पर भी अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। 90 विधानसभा सीटों वाली छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए दो चरणों में मतदान होना है। पहले चरण का मतदान 7 नवंबर होगा। उस दिन राज्य में 20 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। बाकी सीटों पर 17 नवंबर को मतदान किया जाएगा। वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।



# सीमेंट उद्योग पर अडानी के एकाधिकार का खामियाजा भुगतेगा देश-कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश के सीमेंट उद्योग पर अडानी समूह का एकाधिकार होने से इसमें प्रतिस्पर्धा का दौर खत्म हो गया है जिसका खामियाजा सीमेंट की भारी कीमत देकर उपभोक्ताओं को उठाना पड़ेगा। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर कहा 'देश के सीमेंट कारोबार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मित्र अडानी का कब्जा है। अंबुजा सीमेंट अडानी का, एसीसी अडानी का, सांघी सीमेंट्स अडानी का। अगर बाजार में कम्पटीशन होता तो सीमेंट के दाम आसमान न छूते लेकिन मोदी जी की कृपा से उनके मित्र अडानी की इस क्षेत्र में मोनोपोली है। जनता की जेब से पैसे खींचकर, मित्र की जेब में भरने का सिलसिला जारी है, क्योंकि मोदी जी को दोस्ती प्यारी है।'



पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने भी ट्वीट किया और कहा 'अडानी ने अंबुजा सीमेंट, एसीसी और सांघी इंडस्ट्रीज़ को ख़रीद लिया है और अब ओरिएंट सीमेंट को भी खरीदने वाले हैं। यह कंप्टीशन से भरा एक ऐसा बाज़ार था जहां सुनिश्चित किया जाता था कि क़ीमतें कम रहें। अब उसे सिर्फ़ 02 बड़ी कंपनियों के द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है। मोदी मेड मोनोपोली से महंगाई बढ़ाकर जनता को लूटने का यह सबसे ताज़ा उदाहरण है।'

# गहलोत ने दी दो गारंटी - 1 करोड़ से अधिक परिवारों को 500 रुपये गैस सिलेंडर और परिवार की महिला मुखिया को हर साल 10 हजार रुपए

**झुंझुनूं ।** सीएम अशोक गहलोत ने राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनने पर दो गारंटी दी है ।

गहलोत ने कहा कि पहली गारंटी यह कि 1 करोड़ से ज्यादा परिवारों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर मिलेगा जबकि दूसरी गारंटी के तहत परिवार की महिला मुखिया को हर साल 10 हजार रुपए मिलेगा ।राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत का कहना है, 'समाज सेवा में हमने मील के पत्थर स्थापित किए हैं, भारत में कहीं भी 25 लाख रुपये का बीमा नहीं है... राजस्थान में 1 करोड़ लोगों को पेंशन मिलती है, जिनमें विधवाएं, बुजुर्ग और अन्य लोग शामिल हैं.' ये सामाजिक सुरक्षा है, सरकार की मेहरबानी नहीं...



राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा चार विषयों पर थीः महंगाई, बेरोजगारी, समाज में समरसता और अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई. मुझे ये कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि ये मेरी सरकार का बजट है. इन चार विषयों पर आया है ।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, 'आज की सरकार केवल दो उद्योगपतियों को बढ़ावा दे रही है। उन्हें देश की पूरी सम्पति सौंपा जा रहा है जैसे हवाई अड्डे, बंदरगाह और बड़े-बड़े क्क्र दिए जा रहे हैं...ये कैसी सरकार है जो रोजगार के अवसर पैदा नहीं कर रहे हैं। उनके पास कोई विजन, रोडमैप नहीं है।'

# जमरानी बांध परियोजना को मिली केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी, सीएम धामी ने पीएम मोदी का जताया आभार

**देहरादून।** उत्तराखंड के लिए महत्वपूर्ण जमरानी बांध परियोजना को केंद्रीय कैबिनेट ने अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस बांध परियोजना के निर्माण का रास्ता साफ होने से हल्द्वानी व आसपास के क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई की समस्या का हल होगा। बता दें कि जमरानी बांध परियोजना का निमार्ण नैनीताल में काठगोदाम से 10 किलोमीटर अपस्ट्रीम में गोला नदी पर होना है। परियोजना से डेढ़ लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही हल्द्वानी शहर को वर्षभर 42 एमसीएम पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। परियोजना से 63 मिलियन यूनिट का उत्पादन हो सकेगा। 10 जून, 2022 को जल शक्ति मंत्रालय की ओर से जमरानी बांध परियोजना के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 2584.10 करोड़ रुपये की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई थी। राज्य को इसमें 10 प्रतिशत अंशदान देना होगा और केंद्र सरकार 90 प्रतिशत धनराशि खर्च करेगी। 1323 परिवारों का होगा पुनर्वास जमरानी बांध परियोजना के तहत छह गांवों के करीब 1323 परिवारों का पुनर्वास किया जाना है। इसके लिए धामी सरकार पुनर्वास प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी दे चुकी है।



# योगी ने उनके रहते किसी के साथ अन्याय न होने का दिया आश्वासन

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार तीन दिन गोरखपुर में आनुष्ठानिक कार्यक्रमों में अति व्यस्तता के बाद भी बुधवार सुबह लगे जनता दर्शन में जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता दी। गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में योगी ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। योगी ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात की। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक.एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई



लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए।

# मेरठ एनसीआर में तीसरा सबसे अधिक प्रदूषित शहर

**मेरठ।** चौबीस घंटे में एनसीआर में हवा चलने से प्रदूषण में गिरावट आई है, लेकिन एनसीआर में मेरठ अब भी तीसरे नंबर पर बना हुआ है। पहले नंबर पर ग्रेटर नोएडा और दूसरे पर दिल्ली रहा। एनसीआर में खराब हो रही हवा के चलते एक्यूआई का स्तर बढ़ा हुआ है। मेरठ देश में सबसे ज्यादा प्रदूषित रहा। मंगलवार को एक्यूआई 316 से गिरकर 202 दर्ज किया गया। ग्रेटर नोएडा 248 और दिल्ली 219 के बाद मेरठ तीसरे नंबर पर रहा। लाई जानी वाली पराली का असर भी आने वाले समय में दिखाई देगा। बढ़ते तापमान के चलते लागू किए गए ग्रेप सिस्टम को मेरठ में भी दिल्ली की एक्यूआई की तर्ज पर जारी किया जाएगा।

# दिवाली से पहले सरकार का किसानों को तोहफा

## कैबिनेट ने दी खाद सब्सिडी को मंजूरी

**नई दिल्ली।** दिवाली से पहले सरकार ने किसानों को तोहफा देने का एलान किया है। बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में किसानों के लिए फायदेमंद फैसले को मंजूरी दे दी गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए खाद सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। सरकार की तरह से न्यूट्रिएंट बेस्ड फर्टिलाइजर सब्सिडी को मंजूरी दी गई है। इस बार के रबी सीजन के लिए यह मंजूरी दी गई है। इससे सरकार के ऊपर 22000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा।

पोटाशयुक्त (पीएंडके) उर्वरकों पर रबी मौसम, 2023-24 (01.10.2023 से 31.03.2024 तक) के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरों को मंजूरी दे दी है। आगामी रबी सीजन 2023-24 में एनबीएस पर 22,303 करोड़ रुपये के खर्च की उम्मीद है।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने 1 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक रबी सीजन के लिए सब्सिडी की जानकारी दी। उन्होने




बताया कि नाइट्रोजन के लिए यह 47.2 रुपये प्रति किलोग्राम, फास्फोरस 20.82 रुपये प्रति किलोग्राम, पोटाश सब्सिडी 2.38 रुपये प्रति किलोग्राम होगी और सल्फर सब्सिडी 1.89 रुपये प्रति किलोग्राम होगी।

उन्होंने कहा कि सब्सिडी जारी रहेगी क्योंकि सरकार नहीं चाहती कि जब अंतरराष्ट्रीय कीमतें बढ़ें तो इसका असर देश के हमारे किसानों पर ना पड़े। डीएपी पर सब्सिडी 4500 रुपये प्रति टन जारी रहेगी। डीएपी पुरानी दर के अनुसार 1350 रुपये प्रति बोरी में मिलेगी। एनपीके 1470 रुपये प्रति बैग की कीमत पर उपलब्ध होगा।

पीएंडके उर्वरकों पर सब्सिडी रबी सीजन 2023-24 (01.10.2023 से 31.03.2024 तक लागू) के लिए अनुमोदित दरों के आधार पर प्रदान की जाएगी ताकि किसानों को सस्ती कीमतों पर इन उर्वरकों की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि वह उर्वरक विनिर्माताओं/आयातकों के माध्यम से किसानों को सब्सिडाइज्ड मूल्यों पर पीएण्डके उर्वरकों के 25 ग्रेड उपलब्ध करा रही है। पीएण्डके उर्वरकों पर सब्सिडी दिनांक 01-04-2010 से एनबीएस स्कीम के तहत दी जा रही है। सरकार अपने किसान हितैषी दृष्टिकोण के अनुसार, किसानों को वहनीय मूल्यों पर पीएण्डके उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# जिला जेल के बंदी बनाएंगे जूते और पहनेगी पुलिस, आगरा में शुरू हुआ ऐसा जूता कारखाना

**आगरा।** जिन अपराधियों को हाथों में हथकड़ी लगाकर पुलिस जेल भेजती हैं, अब उन्हीं के हाथों के बने जूतों को पहनकर पुलिसकर्मी कदमताल भी करेंगे। इसके लिए जिला जेल में जूता कारखाना स्थापित किया गया है। मंगलवार को इसकी शुरूआत हुई। कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने इसका उद्घाटन किया। पहली बार में 30-35 बंदियों को कारखाना से जोड़ा जा रहा है। जूता उत्पादन बढ़ने पर और भी बंदियों को रोजगार दिया जाएगा।

जिला जेल के अधीक्षक हरिओम शर्मा ने बताया कि जेल में हुनरमंद कैदियों को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। कोई अनुपयोगी वस्तुओं से बैग, फ्लॉवर पॉट, टेबल लैंप बना रहा है तो कोई दिवाली पर की जाने



वाली सजावट के लिए झालर और पूजा की थाली तैयार कर रहा है। स्टोन के आइटम भी बनाए जा रहे हैं। इनको जेल परिसर में आउटलेट में रखा गया है। इसके अलावा अब जूता कारखाना शुरू किया गया है। इसमें जूता एक्सपोर्ट यूनिट के सहयोग से दो मशीन लगाई गई हैं। जेल के बंदियों में कई जूता कारीगर भी हैं। इनकी संख्या 150 के आसपास हैं।फिलहाल इनमें से 30-35 को कार्य के लिए चुना गया है। सभी को पारिश्रमिक भी दिया जाएगा। बंदी जो जूता बनाएंगे, वह पुलिस विभाग को भी कम दर में सप्लाई किया जाएगा। इसका लाभ पुलिसकर्मी उठा सकेंगे। बंदी भी जूता बनाने से होने वाली आमदनी को अपने परिवार के पास भेज सकेंगे। एक जूते की कीमत तकरीबन 600 से 700 रुपये होगी। इसे प्रदेश के अन्य जिलों में पुलिस लाइन में भेजा जाएगा। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए भी स्कूली जूते तैयार किए जाएंगे। वहीं जिला जेल में चिल्ड्रन पार्क भी बनाया गया है। इसमें जेल में अपनी मां के साथ रह रहे बच्चों को झूला आदि की सुविधा मिलेगी।

## केन्द्रीय मंत्री व पार्टी प्रत्याशी नरेन्द्र सिंह तोमर सहित अन्य प्रत्याशी 27 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक एवं दिमनी से पार्टी प्रत्याशी श्री नरेन्द्र सिंह तोमर 27 अक्टूबर को मुरैना कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिल करेंगे। ग्वालियर से पार्टी प्रत्याशी श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, भितरवार के प्रत्याशी श्री मोहन सिंह राठौ? आज सुबह 11.00 बजे एवं डबरा से प्रत्याशी श्रीमती इमरती देवी दोपहर 12 बजे ग्वालियर कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## पार्टी के वरिष्ठ नेता व महाराष्ट्र के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया 27 अक्टूबर को शिवपुरी प्रवास पर रहेंगे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर** । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व महाराष्ट्र के सहप्रभारी श्री जयभान सिंह पवैया 27 अक्टूबर को शिवपुरी जिले के प्रवास पर रहेंगे। वरिष्ठ नेता श्री पवैया सुबह 11.30 बजे शिवपुरी पहुंचकर करैरा से पार्टी प्रत्याशी श्री रमेश खटीक का नामांकन दाखिल करवाएंगे। उसके उपरांत श्री पवैया दोपहर 12.15 बजे करैरा के ताज पैलेस में बृहद कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

# जलकर वसूली अभियान के तहत 28 बडे बकायेदारों को दिए नोटिस, 12 अवैध नल कनेक्शन

### ग्वालियर विधानसभा में 47000 से अधिक की जलकर वसूली, 37 नवीन जल कनेक्शन स्वीकृत



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा चलाए जा रहे जलकर वसूली अभियान के तहत डोर टू डोर भ्रमण कर निगम के कर्मचारियों द्वारा जलकर जमा कराया जा रहा है इसके साथ ही अवैध नल कनेक्शनों को काटने के साथ ही नवीन नल कनेक्शन स्वीकृत किए जा रहे हैं। नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार सभी वार्डों में जलकर वसूली अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत लष्कर पश्चिम क्षेत्र क्रमांक 2 में सहायक यंत्री श्री प्रवीन दीक्षित के निर्देशन में वार्ड क्र. 40,47,50,48,52 एवं 53 में निगम के अमले द्वारा डोर-डोर टू अभियान चलाकर 29600 रूपए जलकर जमा कराया। इसके साथ ही 6 नवीन जल कनेक्शन स्वीकृत किये एवं 12 अवैध नल कनेक्शन काटे गए तथा धारा 173 के तहत 28 बडे बकायेदारों को नोटिस जारी किए। वही ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सहायक यंत्री श्री राम सेवक शाक्य के निर्देशन में पीएचई विभाग के हमले द्वारा जलकर वसूली अभियान के तहत 47850 की जलकर वसूली की तथा 37 नवीन नल कनेक्शन स्वीकृत किए गए।



## केंसर पीढ़ितों को अब नही जाना पढ़ेगा भोपाल,जवाहर केंसर हॉस्पिटल ने शरू की ओपीडी इकाई

जिला अस्पताल के समाने जवाहर केंसर हॉस्पिटल भोपाल ने केंसर पीढ़ितों की मदद ओर इलाज के लिए अपनी एक इकाई की शुरुवात की है इस श्श्वस्त्र इकाई में केंसर के प्राथमिक लक्षणों की पहचान के अलावा मरीजो को उचित मार्गदर्शन के अलावा जवाहर केंसर हॉस्पिटल की समस्त सुविधाओ ओर सेवा का लाभ अब जिला स्तर पर मिलेगा इस इकाई में प्रतिदिन जवाहर केंसर हॉस्पिटल के काबिल डॉक्टरों की टीम अपनी सेवाएं देगे जवाहर केंसर हॉस्पिटल की एम डी दिव्या जोशी ने इस अवसर पर कहा कि कैंसर से डरने की नही लड़ने की जरूरत है कैंसर नाम से ही मरीज ओर उनके परिजन घबरा जाते है अब मरीजो को घबराने की जरूरत नही उनकी केंसर से जंग में जवाहर केन्सर हॉस्पिटल मरीजो ओर उनके परिजनों के साथ मजबूती से खड़ा है जवाहर केंसर हॉस्पिटल की इकाई का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा और समाजसेवी अखलेश राय द्वारा किया गया शुभारंभ के अवसर पर हॉस्पिटल के महाप्रबंधक किसलय शर्मा , मेडिकल डायरेक्टर गौतम कुमार शरण, डॉ. हरमीत कौर सहित बड़ी संख्या में हॉस्पिटल स्टाफ ओर गणमान्य नागरिक मौजूद रहे



**निवेदक रूपेश खरे**
**9827530039**


## सिंधिया का प्रहार, कहा कांग्रेस ने किया महिलाओं पर हमला, चुनाव में मिलेगा जवाब

**ग्वालियर.** । ग्वालियर दौर पर आए केंद्रीय मंत्रीय ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया है। सिंधिया ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस ने महिलाओं के ऊपर हमला किया है। उसका जवाब प्रदेश की 4.5 करोड़ महिलाएं कांग्रेस पार्टी को विधानसभा चुनाव में देंगी। यह बात उन्होंने मीडिया कर्मियों द्वारा पूछे सवाल के जवाब में कही।उल्लेखनीय है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया चार दिन के ग्वालियर अंचल के दौरे पर हैं और वे विधानसभा क्षेत्रों में भजापा उम्मीदवारों के समर्थन में सभा कर रहे हैं। इसी दौरान मीडिया ने सिंधिया ने महिलाओं को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा दिए गए बयान को लेकर सवाल पूछा तो ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस ने जिस तरह से महिलाओं के ऊपर हमला किया है। मैं मानता हूं कि मध्यप्रदेश की 4.5 करोड़ महिलाएं कांग्रेस पार्टी को इसका जवाब देंगी।



## 12 अपराधी पुलिस के टारगेट पर, इसमें से 223 कुख्यात गुंडे और 40 शराब तस्कर शामिल

**ग्वालियर,** । विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए पुलिस अपराधियों पर नकेल कसती है। पूरे जिले से पुलिस ने 312 ऐसे अपराधियों को चिन्हित किया है, जो अगर चुनाव के दौरान जिले में रहे तो माहौल बिगाड़ सकते हैं। इसी के चलते इन्हें जिलाबदर किया जा रहा है। 312 में से 180 बदमाश जिलाबदर हो चुके हैं। जिन अपराधियों को जिलाबदर किया जा रहा है, उसमें सबसे ज्यादा ऐसे कुख्यात गुंडे शामिल हैं- जो टैरर टैक्स, मारपीट, हत्या, हत्या का प्रयास और अन्य सनसनीखेज अपराधों में शामिल हैं। इसी तरह अवैध शराब की तस्करी करने वाले भी 40 तस्कर शामिल हैं, जिन्हें जिलाबदर किया जा रहा है। इसमें से कुछ जिलाबदर हो चुके हैं, अभी कुछ बदमाशों का जिलाबदर होने का आदेश बाकी है। आगामी एक सप्ताह में यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इसके बाद भी अगर कुछ बदमाश सामने आते हैं तो इन पर पुलिस कार्रवाई करेगी। जिन बदमाशों का जिलाबदर प्रतिवेदन पुलिस ने तैयार किया है, उसमें से कई बदमाश तो पहले ही जिला छोड़कर अंडरग्राउंड हो गए हैं। इस बार पुलिस ने पूरे जिले से 312 गुंडों को चिन्हित किया है, जो माहौल बिगाड़ सकते हैं। जब नईदुनिया ने इसका विश्लेषण किया तो सामने आया कि इसमें 223 तो ऐसे गुंडे हैं जो हर तरह के अपराध में शामिल हैं। जबकि शातिर चोर 12 हैं, जो जेल से छूटते ही चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। इन्हें जिलाबदर किया जा रहा है। 40 शराब तस्करों के अलावा सूखे नशे के सामान की तस्करी में शामिल 1 तस्कर भी है। शहर में बड़े स्तर पर सट्टे और जुए के अड्डे चलाने वाले 11 बदमाश शामिल हैं। इन्हें जिलाबदर किया जा रहा है। महिलाओं के साथ ज्यादती, छेड़छाड़ व अन्य अपराध करने वाले 10 अपराधी शामिल हैं।



## झांसी से दिल्ली रेल ट्रैक पर बढ़ेगी ट्रेनों की रफ्तार, रेलवे लगा रहा थिक वेब स्विच

**ग्वालियर.** रेलवे की ओर से झांसी से दिल्ली के बीच रेल ट्रैक पर थिक वेब स्विच लगाए जा रहे हैं। इसके लगने पर ट्रेनों की गति के साथ सुरक्षा बढ़ेगी।



पटरियों में ट्रेनों की दिशा बदलने के लिए टर्न आउट लगे होते हैं। अभी तक उसमें परंपरागत स्विच का प्रयोग होता रहा है, लेकिन अब थिक वेब स्विच लगाने का काम तेजी से चल रहा है। थिक वेब स्विच लगाने का मुख्य उद्देश्य ट्रेनों को 130 किमी प्रति घंटे की स्पीड तक ले जाना है, जिसे भविष्य में 160 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाया जा सकेगा। इसके अलावा इससे लूप लाइन में भी ट्रेनों की गति 30 किमी प्रति घंटे से बढ़कर 50 किमी प्रति घंटे हो सकेगी।


**थिक वेब स्विच को स्पेशल ढंग से किया जा रहौ डिजायन**-इससे लगने से अभी तक ग्वालियर से दिल्ली के सफर में जो छह घंटे का समय लगता है, उसमें मात्र चार घंटे का समय लगने लगेगा। थिक वेब स्विच को इस तरह से डिजायन किया गया है कि यह कंक्रीट स्लीपरों पर आसानी से लगाया जा सकता है। थिक वेब स्विच ट्रैक की सुरक्षा को मजबूत बनाने के साथ-साथ उसकी आयु को भी बढ़ाता है और तेज गति में ट्रेन के कंपन को भी कम करता है। जहां पर ट्रेन को एक लाइन से दूसरी लाइन पर लिया जाता है, उसे फेसिंग पाइंट कहते हैं। ट्रेनों की गति बढ़ाने के लिए इनका मजबूत होना जरूरी है। थिक वेब स्विच परंपरागत स्विच की तुलना में मोटा, डबल लाकिंग और स्प्रिंग सेटिंग से बना होता है। इसके ऊपर से गुजरने वाली ट्रेनों के यात्रियों को पता तक नहीं चलता

## मतदान का प्रतिशत ज्यादा रहना चाहिये



**ग्वालियर** मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग द्वारा ग्वालियर में मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन फूलबाग से प?ाव तक किया गया। रैली का नेतृत्व व मुख्य अतिथि मानवाधिकार के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य रविंद्र सिंह तोमर ने किया। उन्होंने कहा- जागरूकता के आभाव में आम जनता कम मतदान करती है ,कम मतदान की वजह से अयोग्य उम्मीदवार भी चुनाव जीत जाते हैं, इसलिए एक सफल चुनाव के लिए मतदान के परसेंट ज्यादा रहना चाहिये। मतदाता जागरुकता रैली को राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह तोमर, स्टेट बर काउंसिल के अध्यक्ष प्रेम सिंह भदोरिया व चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाई।गूगल मीट से समीक्ष आचार संहिता का कढ़ाई से पालन हो विधानसभा आम निर्वाचन-2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का क?ाई से पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह व एडीजीपी डी श्रीनिवास वर्मा ने बुधवार को ग्वालियर-चंबल संभाग में निर्वाचन के लिये की जा रही तैयारियों की गूगल मीट से समीक्षा करते हुए यह बात कही। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने कहा कि सभी कलेक्टर यह सुनिश्चित करें कि निर्वाचन के संबंध में सी-विजिल एप व कंट्रोल रूम पर कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसकी तत्परता से जांच कर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि अंतरराज्यीय एवं जिले के बॉर्डर पर स्थापित नाकों पर पूरी मुस्तैदी के साथ चैकिंग का कार्य किया जाए।

## 1ऑटो में बैठकर आई इनकम टैक्स विभाग की टीम, ज्वेलर्स के यहां शुरू की छापामार कार्रवाई




**ग्वालियर.** आमतौर पर आयकर विभाग की टीम कहीं भी छापा डालने जाती है तो तड़के व लक्जरी वाहनों से वहां पर पहुंचती है। लेकिन आज ग्वालियर के सराफा बाजार में ऐसा नहीं हुआ। आयकर विभाग की टीम अंगूरी ज्वेलर्स के यहां ऑटो में बैठकर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। आयकर विभाग की इस तरह की कार्रवाई से पूरे सराफा बाजार में दहशत का माहौल बन गया। कई ज्वेलर्स की दुकानें ही बंद हो गई। हालांकि आयकर विभाग की टीम को कार्रवाई के दौरान क्या मिला और क्या हुआ है। अभी तक जानकारी नहीं है। ज्वेलर के यहां कार्रवाई चल रही थी।

**ऑटो में आने से नहीं चला पता**-सराफा बाजार में बेशक सुबह का समय हो, लेकिन त्योहार की वजह से यहां पर सुबह से ही काफी भीड़ रहती है। ऐसे में जब सुबह आयकर विभाग की टीम ऑटो से पहुंची तो सराफा कारोबारियों को पता नहीं चला। जब टीम ने कार्रवाई शुरू कर दी और पुलिस बल को बुला लिया। तब कहीं जाकर अन्य ज्वैलर्स को पता चला कि इनकम टैक्स विभाग की टीम है। इसके बाद कारोबारियों में दहशत व भगदड़ जैसा माहौल बन गया।

### अन्तर्राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव के 19वें "उद्भव उत्सव 2023" का हुआ भव्य शुभारंभ

# किर्गिस्तान के राजदूत मि. अस्कर बेसिमोव मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन रहे

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर।।** उद्भव सांस्कृतिक एवं क्रीढ़ा संस्थान के तत्वावधान में सिंधिया कन्या विद्यालय एवं ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में 26 अक्टूबर से अन्तर्राष्टीय नृत्य महोत्सव ''उदभव उत्सव'' का भव्य शुभारम्भ किर्गिस्तान के भारत में राजदूत अस्कर बैशीमोव राजदूत की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ । कार्यक्रम की अध्यक्षता (श्रीमती) निशि मिश्रा, प्राचार्य सिंधिया कन्या विद्यालय ग्वालियर ने की। विशेष अतिथि के रूप में खलील अहमद, डिवीजनल मैनेजर भारतीय जीवन बीमा निगम, किरण भदौरिया, संचालिका ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल ग्वालियर एवं सुदेश कुमार पाण्डेय, मार्केटिंग मैनेजर भारतीय जीवन बीमा निगम सहित उद्भव के अध्यक्ष डॉ. केशव पांडेय व सचिव दीपक तोमर समारोह में मंचासीन रहे। प्रारम्भ में ÷उद्भव उत्सव÷ का चल समारोह मोती पैलेस से प्रारम्भ होकर बैजाताल से मोती महल होकर सिंधिया कन्या विद्यालय तक चला। कार्यक्रम में तल्लिन, इस्टोनिया से '' फोल्क डांस सोसाइटी कण्डाली' ' शाह आलम मलेशिया से मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन के सेलंगोर एजुकेशन कल्चरल ग्रुप , बिशकेक किर्गिस्तान से '' फोल्कोर ग्रुप कॉहर ÷ एवं कैगाले श्रीलंका से '' *सारसवी डांस इण्स्टीट्यूट '' के दल ग्वालियर में अपने राष्ट्रीय नृत्यों की प्रस्तुतियों के माध्यम से वैश्विक एकता का संदेश दिया। चल समारोह में किर्गिस्तान के राजदूत अस्कर बेसिमोव ने भी पैदल चलकर कार्यक्रम में गरिमा प्रदान की। सिंधिया कन्या विद्यालय के मुख्यमंत्री पर अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर पुष्पहार अर्पण किया गया तत्पश्चात् अतिथियों का स्वागत उद्भव के विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मलेशिया ,श्री लंका , एस्टोनिया व भारत के दलों ने अपनी अपनी श्रेष्ठ प्रस्तुति दी। स्वागत उद्बोधन डॉक्टर केशव पांडेय ने दिया। कार्यक्रम की निरंतरता पर उन्होंने बहुत ही उत्साह प्रकट किया। कार्यक्रम में दीपक कुमार एवं रिषी भदौरिया सहित अतिथि अस्कर बेसिमोव ने संबोधित किया।



कार्यक्रम में विदेशी दलों के साथ दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, उत्तरप्रदेश एवं मध्यप्रदेश सहित 22 दलों ने भाग लिया।भारत का प्रतिनिधित्व करते हुये क्लासिकल, सेमी क्लासिकल एवं फोल?क केटेगरीज में चैम्पियनशिप ट्रॉफी जीतने के लिये सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

शुभारम्भ समारोह में इस्टोनिया, मलेशिया, किर्गिस्तान, श्रीलंका एवं भारत की प्रस्तुतियाँ हुई। 27 तारीख को सिंधिया कन्या विद्यालय के सभागार में प्रातः ,9 बजे से समूह नृत्यों की प्रस्तुतियाँ होगी, 28 तारीख को प्रातःकाल 9 बजे से इसी सभागार में एकल एवं इंस्ट्रयूमेंटल समूहों की प्रस्तुतियाँ होगी। 28 तारीख सांयकाल 05 बजे से ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल आदित्यपुरम् के ओपन एयर थियेटर में भारतीय दलों के फाइनल राउण्ड की प्रस्तुतियाँ होगी। जहाँ से चुने हुये दल 29 तारीख सांयकाल 05 बजे से सिंधिया कन्या विद्यालय में होने वाली ''गाला नाइट '' में अन्तर्राष्टीय चैम्पियनशिप ट्रॉफी के लिये विदेशी टीमों को टक्कर देंगें।कार्यक्रम सिंधिया कन्या विद्यालय, ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल, भारतीय जीवन बीमा निगम, जय मारूती गैस सिलेण्डर्स लिमिटेड, गोदरेज सोप्स, आई.कॉम (श्रीमती प्रवीणा पाण्डेय स्मृति इण्टरनेशनल सेंटर ऑफ मीडिया एक्सीलेंस) ऐकॉम हॉस्पिटेलिटीज, मैथिल स्टूडियो आदि के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। सम्पूर्ण कार्यक्रम का यूट्यूब एवं फेसबुक द्वारा सम्पूर्ण विश्व में लाइव प्रसारण लाखों लोग देखेंगे। र्यक्रम में सुरेन्द्र कुशवाह, आलोक द्विवेदी, प्रवीण शर्मा, मनोज अग्रवाल, शरद सारस्वत, राजेन्द्र मुद्गल, डॉ आदित्य भदौरिया, शरद यादव, मोनू राणा, साहिल खान, शाहिद खान, शुभम राणा, आशु यादव, मूलचन्द रसैनिया, जगदीश गुप्त, अक्षत तोमर, प्रदीप बिसारिया, रामचरण रुचिर ,वरूण सक?सैना, सुरे?द्र श्रीवास्तव, हरीश पाल आदि सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478